दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। सोमवार 23 जून-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 184 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## यूएन पहुंचा ईरान-इस्राइल संघर्ष

### रूस, चीन और पाकिस्तान ने तत्काल और बिना शर्त युद्धविराम का रखा प्रस्ताव



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच, रूस, चीन और पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में एक तत्काल और बिना शर्त युद्धविराम का मसौदा प्रस्ताव पेश किया है। इस प्रस्ताव का उद्देश्य क्षेत्र में शांति स्थापित करना और किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई को रोकना है। इस प्रस्ताव में तीनों देशों ने मांग की है कि सभी पक्ष तुरंत युद्ध बंद करें और बातचीत के माध्यम से विवाद का हल निकालें। यह कदम अमेरिका की तरफ से ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद आया है, जिसने पूरे क्षेत्र में हालात को और तनावपूर्ण बना दिया है। इस बीच, अमेरिका ने चीन से अपील की है कि वह ईरान को समझाए कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद न करे। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रविवार को बयान देते हुए कहा कि अगर ईरान यह जलमार्ग बंद करता है, तो इससे पूरी दुनिया की तेल आपूर्ति और व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। मार्को रुबियो ने कहा कि, 'चीन की ईरान के साथ करीबी बातचीत है, और हम उम्मीद करते हैं कि वह इस स्थिति को शांत करने में मदद करेगा।'

## 2021 का पंचायत चुनाव लड़ने वाले 26 को देंगे वादों की जानकारी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश में त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है। इसके तहत एक ओर जहां पंचायतों की संख्या निर्धारित की जा रह है वहीं लोगों से अपने अदालतों में लंबी अपने वादों की जानकारी देने के लिए तिथि तय कर दी गई है। प्रदेश में 57 हजार 695 ग्राम पंचायतों में चुनाव होगा। पंचायती राज विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। अब ग्राम पंचायतों की संख्या में अब कोई बदलाव नहीं होगा।




वहीं, गाजियाबाद में नगर निगम के मुख्य कर अधिकारी की ओर से जारी सूचना में बताया गया कि त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव 2021 एवं नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 में निर्वाचन लड़ने वाले सभी पक्षों के उम्मीदवारों को 25 जून को जिला निर्वाचन कार्यालय में उपस्थित होकर पद व स्थान से संबंधित अगर कोई वाद किसी न्यायालय में निर्णित हुआ है या अभी तक विचारणीय है, इसकी जानकारी मुहैया कराया जाएगा। ऐसी ही सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रभारी व एडीएम की ओर से जारी की गई है।

## असर दिख रही है कमिश्नर जे रविंदर गौड की पुलिसिंग

# कमिश्नरेट में 16 अप्रैल से अब तक हुए 50 एनकाउंटर, 62 बदमाश गिरफ्तार

गौरव शशि नारायण





**- अबतक 19392 लापरवाह वाहन चालकों के हुए चालान**

**- एनकाउंटर के मामले में टॉप पर है देहात जोन**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के नेतृत्व में गाजियाबाद की पुलिसिंग व्यवस्था मजबूत हो रही है। अब इसका असर भी दिखाई दे रहा है। बीती 16 अप्रैल से लेकर 22 जून के बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अबतक कुल 70 संगीन मामलों में बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। तो पुलिस और अपराधियों के बीच 50 की संख्या में मुठभेड़ भी हुई हैं। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने अलग-अलग जोन और थानाक्षेत्रों से 62 बदमाशों को भी गिरफ्तार करने का काम किया है। बीते तीन दिनों में थाना कवि नगर, टीलामोड़ में हुई लूट की बड़ी घटनाओं का खुलासा हुआ है। तो पांच स्थानों पर मुठभेड़ के बाद 9 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। साथ ही पुलिस ने 16 लाख 55000 की रकम बरामद भी की है। वहीं मुरादनगर थाने के बाहर गोली मारकर हत्या करने के आरोपी को भी पुलिस ने 36 घंटे के भीतर दोनों पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही गाजियाबाद जिले की यातायात की व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अबतक 150 से अधिक स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाए गए हैं। तो वहीं लगभग 40000 वाहनों की जांच की गई। इसके साथ ही 19392 वाहन चालकों के नियमों के विरुद्ध वाहन संचालित करने पर चालान भी काटे गए हैं।

### मुठभेड़ के मामले में टॉप पर बना हुआ है देहात जोन



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बेहतर कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस लगातार बदमाशों को ऑपरेशन ठोकों के तहत सबक सिखा रही है। 16 अप्रैल से लेकर 22 जून तक गाजियाबाद में 50 एनकाउंटर किए गए हैं। जिसमें सिटी जोन के अंतर्गत 15, ट्रांस हिंडन जोन के अंदर 14 और सबसे ज्यादा पुलिस की मुठभेड़ देहात जोन में 21 हुई हैं। देहात जोन का थाना मसूरी, वेव सिटी, मुरादनगर, मोदीनगर, लोनी, टीलामोड़ से लेकर अन्य थानों में लगातार पुलिस बदमाशों का इलाज कर रही है। तो वहीं बीते दिनों सिटी जोन में आइसक्रीम कंपनी के मुनीम के साथ हुई 8.15000 की लूट का भी पुलिस ने सिलसिलेवार खुलासा किया है। जिसमें 6 बदमाश गिरफ्तार किए गए। इसमें पांच बदमाशों की पुलिस से सीधी मुठभेड़ हुई है। तो वहीं मोदीनगर में भी पुलिस ने लुटेरे को मुठभेड़ के बाद दबोचा है। इसके साथ ही घंटाघर कोतवाली और विजयनगर पुलिस लगातार एनकाउंटर कर रही है। तो इंदिरापुरम सर्किल के अंतर्गत आने वाले खोड़ा, कौशांबी और इंदिरापुरम में लगातार पुलिस खुलासे और बदमाशों का इलाज कर रही है।

### 31 बदमाश किए गए जिला बदर और 89 पर हुई गुंडा एक्ट की कार्रवाई

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद अपराध पर अंकुश लगाने के लिए निरोधात्मक कार्रवाई कर रही है। तो वहीं पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड पुलिस लगातार क्राइम कंट्रोल करने को लेकर अलग-अलग स्तर के अधिकारियों के साथ मीटिंग कर रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तीनों जोन मिलाकर बीते कुछ दिनों में गुंडा एक्ट के तहत 89 बदमाशों पर कार्रवाई की है। तो वहीं 31 बदमाशों को जिला बदर करते हुए उन्हें दूसरे जिले की सीमाओं में भेजा गया है। 89 बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई हुई है। तो जमानत पर रिहा हुए 1135 अपराधियों का सत्यापन किया गया है। तो पुलिस ने थानों में बदमाशों की हाजिरी लगवाते हुए 1000 से अधिक अपराधियों के डोजियर भरवाने के महत्वपूर्ण काम में भी सफलता हासिल की है।

### पुलिस की वर्किंग और इमेज रही है सुधर



करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार 1 मई से लेकर 15 जून के बीच 3044 किराएदारों का सत्यापन किया गया है। तो वही 286 घरेलू सहायकों का सत्यापन हुआ है। वहीं 158 कर्मचारियों के सत्यापन की कार्रवाई भी की गई है। इस दौरान 1437 मुकदमों की एफआईआर कॉफी वादियो के घर पहुंचने का काम किया गया। तो 152 व्यक्तियों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट उनके परिजनों को घर जाकर पुलिस कर्मियों द्वारा प्रदान की गई है। पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इस प्रकार 25191 प्रकरणों में मात्र पांच पुलिसकर्मियों के विरुद्ध शिकायत प्राप्त हुई थी। जिनपर अधिकारियों द्वारा जांच एवं एक्शन लिया गया है।

# एनसीआरटीसी ने 82 किलोमीटर नमो भारत कॉरिडोर पर किया सफल ट्रायल रन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एनसीआरटीसी ने पूरे नमो भारत कॉरिडोर पर, सराय काले खां से मोदीपुरम के बीच नमो भारत ट्रेनों का समय-सारिणी बद्ध ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसमें ट्रेनों ने पूरी 82 किमी लंबी यात्रा एक घंटे से भी कम समय में पूरी की। इस ट्रायल के दौरान मेरठ मेट्रो ट्रेनें भी नमो भारत ट्रेनों के साथ चल रही थीं और सिस्टम ने सफलतापूर्वक परीक्षण पूर्ण किया। यह दिल्ली, गाज़ियाबाद और मेरठ के बीच क्रियान्वित किए जा रहे भारत के प्रथम नमो भारत कॉरिडोर के परिचालन की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### कॉरिडोर का 55 किलोमीटर हिस्सा यात्रियों के लिए पहले से ही परिचालित



करंट क्राइम। वर्तमान में, 11 स्टेशनों के साथ कॉरिडोर का 55 किलोमीटर हिस्सा यात्रियों के लिए पहले से ही परिचालित है। कॉरिडोर के बचे हुए यानी दिल्ली में सराय काले खां और न्यू अशोक नगर के बीच 4.5 किलोमीटर और मेरठ में मेरठ साउथ और मोदीपुरम के बीच लगभग 23 किलोमीटर के अपरिचालित खंड पर अंतिम फिनशिंग कार्यों के साथ-साथ ट्रायल रन तेजी से प्रगति कर रहे हैं। एनसीआरटीसी द्वारा हासिल किया गया यह माइलस्टोन पूरे नमो भारत कॉरिडोर की पूर्ण कमीशनिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति का संकेतक है। मेरठ साउथ और मोदीपुरम डिपो के बीच के हिस्से पर मेरठ मेट्रो का ट्रायल रन भी गति से प्रगति कर रहा है। यह देश में पहली बार है जब नमो भारत ट्रेनों के ही बुनियादी ढांचे पर स्थानीय मेट्रो सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। 13 स्टेशनों के साथ, 23 किलोमीटर लंबे मेरठ मेट्रो के सेक्शन का 18 किलोमीटर हिस्सा एलिवेटेड और 5 किलोमीटर हिस्सा भूमिगत है।

### ट्रेनों ने सराय काले खां से मोदीपुरम के बीच हर स्टेशन पर स्टॉप लिया

**करंट क्राइम।** इस ट्रायल के दौरान, नमो भारत ट्रेनों को पूरे 82 किलोमीटर के हिस्से में 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अपनी अधिकतम परिचालन गति से निर्बाध रूप से चलाया गया।

ट्रेनों ने सराय काले खां से मोदीपुरम के बीच हर स्टेशन पर स्टॉप लिया और एनसीआरटीसी द्वारा लक्षित शेड्यूल का पालन करते हुए एक घंटे से भी कम समय में इस दूरी को तय किया।

नमो भारत कॉरिडोर पर, विश्व में पहली बार प्रयोग होने वाले, एलटीई बैकबोन पर आधुनिक ईटीसीएस लेवल 3 हाइब्रिड सिग्नलिंग सिस्टम को डिप्लॉय किया गया है।

इस सिग्नलिंग सिस्टम ने हर स्टेशन पर इंस्टॉल किए गए प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) के साथ बिना किसी बाधा के, सफलतापूर्वक परीक्षण पूर्ण किया। यह सफल ट्रायल रन सिस्टम की तैयारी को रेखांकित करता है।

# पुष्पा स्टाइल में हो रही थी विदेशी लकड़ी की तस्करी भोजपुर में चेकिंग के दौरान एक करोड़ का माल बरामद



**- स्क्रैप के ट्रक में छुपा था माल**

**- हरियाणा के गिरोह की तलाश में गाजियाबाद पुलिस**

**- चालक और परिचालक गिरफ्तार**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की भोजपुर थाना पुलिस और उच्च अधिकारियों द्वारा गठित की गई एक टीम ने विदेशी लकड़ी वर्मा टीक जिसकी बाजार में कीमत लगभग 1 करोड़ रुपए है, बरामद करने का काम किया है। बताया जा रहा है कि तस्करी करने वाले बदमाशों ने 20 कुंतल स्क्रैप में इस एक करोड़ रुपए की कीमत की लकड़ी को छुपा रखा था।

यह डिलीवरी हरियाणा में की जानी थी लेकिन पुलिस ने सूचना के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने शहजाद निवासी शामली और शोएब निवासी बागपत जो कि चालक और परिचालक हैं दबोचा है। पुलिस ने इनके कब्जे से 14 टन वर्मा टीक सागौन की विदेशी लकड़ी, 20 कुंतल स्क्रैप, एक 14 टायरा हरियाणा नंबर का ट्रक ,दो मोबाइल फोन, नगदी व अन्य कागजात बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि इस विदेशी लकड़ी को दो देशों से तस्करी कर भारत में लाया जाता था और फिर हरियाणा में इसकी खेप पहुंचाई जाती थी।

### ट्रक के अंदर बना रखा था कबाड़ का गोदाम, उसमें छुपते थे विदेशी लकड़ी



करंट क्राइम : डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने जानकारी दी है कि तस्कर इस लकड़ी को पहले वर्मा से नेपाल लेकर आते थे और फिर नेपाल के रास्ते इस लकड़ी को भारत के अलग-अलग शहरों से हाईवे के जरिए हरियाणा तक पहुंचाया जाता था। इस काम के लिए चालक और परिचालक को पैसे दिए जाते थे। थाना भोजपुर पुलिस और अनिल राजपूत की टीम द्वारा इस पूरे मामले का खुलासा किया गया है। पुलिस टीम अपराधियों की धर पकड़ के अभियान में लगी हुई थी, जिस दौरान यह संदिग्ध ट्रक पुलिस ने रोका तो इसमें स्क्रैप के गोदाम के भीतर फिल्म पुष्पा की तरह गुलाबी रंग करके लकड़ी को छुपाया गया था। पुलिस का कहना है कि बरामद की गई लकड़ी की अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है।

# आज की युवा पीढ़ी नंदिनी से ले सीख

## सोशल मीडिया पर पॉजिटिव पोस्ट डालकर जीता पुरस्कार

**- पुलिस को करीब से जाना और बताया सामाजिक जिम्मेदार**

**- पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद और एडीजी रूल्स एंड मैनुएल्स ने किया पुरस्कृत**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के मोदीनगर स्थित एमएम डिग्री कॉलेज की छात्रा नंदिनी बिसवाल ने गाजियाबाद का नाम पूरे उत्तर प्रदेश में रोशन किया है। नंदिनी को स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरिमेंट लर्निंग प्रोग्राम में शानदार प्रदर्शन करने और सोशल मीडिया पर पॉजिटिव और सामाजिक संदेश देने वाले पोस्ट डालने के लिए सम्मान भी मिला है। गाजियाबाद का नाम रोशन करने के लिए पुलिस उप महानिदेशक देव रंजन वर्मा नियम एवं ग्रंथ मुख्यालय लखनऊ ने प्रशस्ति पत्र दिया है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कमिश्नर जे रविंदर गौड, एडिशनल कमिश्नर कल्पना सक्सेना और एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार द्वारा नंदिनी को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया है। साथ ही अधिकारियों का कहना है कि आज के युवाओं को नंदिनी से सीख लेनी चाहिए कि किस तरीके से सोशल मीडिया पर अलग-अलग विषयों से हटकर उसने पुलिस के पॉजिटिव और महत्वपूर्ण विषयों पर पोस्ट किया है। दरअसल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तहत स्कूल-कॉलेजों के छात्रों को पुलिसिंग के बारे में बताने और पुलिस व्यवस्था के सामाजिक एवं जन सरोकारों से जोड़ने के मकसद से एक प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में मोदीनगर की नंदिनी बिसवाल ने पूरे उत्तर प्रदेश में बेहतर अंक हासिल प्राप्त करते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया है।

### प्रदेश में चौथे स्थान पर रही मोदीनगर की नंदिनी





करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने बताया है कि नंदिनी को पहले स्थान में पुलिस की वर्किंग और अलग-अलग महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई थी। फिर नंदिनी द्वारा पुलिस की सकारात्मक छवि के संबंध में सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए। इस पूरी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के कुल पांच विद्यार्थियों को चुना गया है। जिसमें नंदिनी बिसवाल निवासी मोदीनगर ने चौथा स्थान हासिल किया है। अधिकारियों ने बताया है कि नंदिनी बिसवाल एमएम डिग्री कॉलेज मोदीनगर की छात्रा हैं। साथ ही पुलिस महानिदेशक नियम एवं ग्रंथ उत्तर प्रदेश लखनऊ आशीष गुप्ता ने भी उनको प्रशस्ति पत्र जारी किया है। वहीं पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है कि अक्सर सोशल मीडिया पर युवा महत्वपूर्ण कंटेंट को छोड़कर टाइम पास और मनोरंजक साम्रगी खोजते हैं लेकिन नंदिनी ने सोशल मीडिया का मनोरंजन के लिए इस्तेमाल नहीं किया। उसने पुलिस की बेहतर छवि और सकारात्मक कार्यों को प्रदर्शित करने का काम किया है जो एक सराहनीय कार्य है।

# जम्मू-कश्मीर में मानसून की दस्तक, देश भर में बारिश का अलर्ट

## 30 राज्यों में बारिश का अलर्ट, ओडिशा में बाढ़ से 50 हजार लोग प्रभावित




**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ को छोड़कर पूरे देश में पहुंच गया है। मानसून के प्रभाव से पूरे देश में झमाझम बारिश हो रही है, पूर्वोत्तर के साथ ही दक्षिण भारत के राज्यों में सबसे ज्यादा हालात खराब है। झारखंड में पिछले कई दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से बिहार के नालंदा जिले में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। ओडिशा में भी नदी का जल स्तर बढ़ने से कई क्षेत्रों में बाढ़ आ गई है, जिससे 50,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा जयपुर, आगरा, रामपुर, देहरादून, शिमला और मनाली से होकर गुजर रही है। अगले दो दिनों के दौरान उत्तरी अरब सागर के शेष हिस्सों, राजस्थान के कुछ और हिस्सों, पश्चिम उत्तर प्रदेश के शेष हिस्सों, जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के कुछ और हिस्सों में दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। इन दो दिनों के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली तक मानसून के पहुंचने की संभावना बनी हुई है। आईएमडी ने बताया कि 26 जून तक उत्तर पश्चिम भारत के जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश समेत 30 राज्यों में भारी बारिश और कहीं-कहीं तेज हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है।

# पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति से की बातचीत, क्षेत्र में बढ़े तनाव पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** ईरान-इस्राइल संघर्ष के बीच अमेरिका की तरफ से ईरान पर हमला किया गया। वहीं आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से टेलीफोन पर बातचीत की है। इस दौरान दोनों नेताओं ने पश्चमि एशियाई क्षेत्र में बढ़ते तनाव और हालिया घटनाक्रमों पर गंभीर चर्चा की।



प्रधानमंत्री मोदी ने इस बातचीत की जानकारी एक्स पर एक पोस्ट में साझा की है। पीएम मोदी ने लिखा- हमने वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। हालिया तनावों पर गहरी चिंता व्यक्त की। तुरंत तनाव कम करने, संवाद और कूटनीति को आगे बढ़ाने का आह्वान दोहराया, ताकि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता शीघ्र बहाल हो सके। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और आपसी सहयोग को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से यह मानता रहा है कि संवाद और कूटनीति ही किसी भी संकट का समाधान हैं। पीएम मोदी और मसूद पेजेशकियन के बीच यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें क्षेत्र में शांति की बहाली पर टिकी हैं।

**अमेरिकी हमलों ने बढ़ाया खतरा- संयुक्त राष्ट्र :** उधर, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका के हमलों से गंभीर रूप से चिंतित हैं। अब इस बात का खतरा बढ़ रहा है कि इस्राइल-ईरान संघर्ष तेजी से नियंत्रण से बाहर हो सकता है। इसके नागरिकों, क्षेत्र और दुनिया के लिए भयावह परिणाम होंगे। मैं सदस्य देशों से तनाव कम करने का आह्वान करता हूं। कोई सैन्य समाधान नहीं है। आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता कूटनीति है।

**पश्चिम एशिया में सैन्य हस्तक्षेप से बढ़ती है अस्थिरता- चीन :** चीन की सरकारी मीडिया ने कहा कि अमेरिकी हमले एक खतरनाक मोड़ हैं। 2003 में इराक पर अमेरिकी आक्रमण का हवाला देते हुए सीजीटीएन के लेख में कहा गया है कि इतिहास ने बार-बार दिखाया है कि मध्य पूर्व में सैन्य हस्तक्षेप अक्सर अनपेक्षित परिणाम उत्पन्न करते हैं। इनमें लंबे समय तक संघर्ष और क्षेत्रीय अस्थिरता शामिल है। इसलिए जरूरी है कि बातचीत को प्राथमिकता देते हुए संतुलित, कूटनीतिक दृष्टिकोण अपनाया जाए।

# अंग्रेजी पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और भाजपा आए आमने-सामने

## निशिकांत दुबे बोले- गुलामी पर गर्व क्यों?

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बीच ह्यअंग्रेजी भाषाह्न को लेकर एक बार फिर तीखा टकराव सामने आया है। राहुल गांधी के उस बयान के बाद, जिसमें उन्होंने कहा था कि अंग्रेजी गरीबों के लिए एक मौका है और यह कोई जंजीर नहीं बल्कि एक पुल है। इसपर भाजपा ने उन्हें घेरा है। भाजपा नेता निशिकांत दुबे ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर पलटवार करते हुए पूछा कि राहुल गांधी अंग्रेजी भाषा को गुलामी की तरह क्यों समर्थन दे रहे हैं?



राहुल गांधी ने हाल ही में एक पोस्ट में लिखा कि अंग्रेजी भाषा हाशिए पर खड़े लोगों के लिए समानता और अवसर की चाभी है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब बच्चे अंग्रेजी सीखें क्योंकि वे नहीं चाहते कि वे सवाल पूछें, आगे बढ़ें और बराबरी करें। राहुल के इस बयान पर निशिकांत दुबे ने तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि ये वही विचार हैं, जो 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शामिल थे, जो उनके पिता राजीव गांधी ने पेश की थी।

निशिकांत दुबे ने एक्स पर लिखा कि 1986 की नीति में हिंदी को बढ़ावा देने, संस्कृत सिखाने और अंग्रेजी को क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद कराने की बात कही गई थी। यही मूलभूत नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2020 की शिक्षा नीति में भी आगे बढ़ाई गई है। उन्होंने सवाल किया कि जब रूस, चीन, फ्रांस, जापान और कोरिया जैसे देश अपनी भाषाओं पर गर्व करते हैं, तो हम क्यों नहीं? 'आप गुलामों की तरह अंग्रेजी पर क्यों गर्व करते हैं?'

भाजपा सांसद ने दावा किया कि राहुल गांधी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का विरोध करते हैं।

# कांवड़ यात्रा : बरेली में बंद रहेंगी मीट की दुकानें

## डीएम बोले- कोई भी नई परंपरा न पड़े




**डीएम अविनाश सिंह ने कांवड़ यात्रा व मोहर्रम जुलूस के मद्देनजर अफसरों को निर्देश दिए। कांवड़ यात्रा के मार्गों पर मीट की दुकानें बंद कराने का आदेश दिया। कहा कि मोहर्रम व कांवड़ में कोई भी नई परंपरा न पड़े।**

**बरेली।** बरेली में मोहर्रम व कांवड़ यात्रा में कोई भी नई परंपरा न पड़े। जुलूस के आगे-पीछे व दाएं-बाएं पुलिसकर्मियों की मौजूदगी अनिवार्य है, जिससे श्रद्धालु निर्धारित मार्ग पर ही चलें, मार्ग से न भटकें। कांवड़ यात्रा के मार्गों पर मीट की दुकानें बंद रखी जाएं। ये निर्देश शनिवार को डीएम ने एसडीएम-तहसीलदार और सीओ को दिए हैं।

मोहर्रम एवं कांवड़ यात्रा पर शांति एवं कानून व्यवस्था के मद्देनजर शनिवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में बैठक हुई। इससे पहले डीएम ने एसडीएम-तहसीलदार और सीओ से उनके क्षेत्र की समस्याओं और त्योहारों के संबंध में तैयारी पर चर्चा की। डीएम ने कहा कि शिव मंदिरों के आसपास जूट की मैट बिछवाई जाएं।

पेट्रोल पंप संचालकों से कहा गया है कि वह बोतलों में ईंधन नहीं देंगे। डीएम ने निर्देश दिए कि कांवड़ के मार्गों के गड्ढों और विद्युत तार व खंभे को देख लिया जाए। विद्युत खंभे को 10-12 फीट तक प्लास्टिक शीट से कवर करें। नाथ परिक्रमा के दौरान प्रत्येक मंदिर पर नोडल अधिकारी तैनात करने के निर्देश हुए हैं।



**कोई भी ताजिया 12 फिट से अधिक ऊंचा न हो :** एसएसपी ने डीएम को बताया कि पिछले तीन वर्ष के विवादों की जानकारी थानाध्यक्षों को दी गई है। प्रत्येक विवाद स्थल पर थानाध्यक्ष खुद जाकर कार्रवाई करेंगे। एसएसपी ने निर्देश दिए कि मोहर्रम के जुलूस रात को निकलते हैं।। रात में भी भ्रमण और पैदल गश्त करें।

उन्होंने सीओ को निर्देश दिए कि हर ताजिये पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त हो और ताजिया की ऊंचाई के मानक की जानकारी ताजिएदारों को दें। ताजिया की ऊंचाई व्यक्ति या वाहन के साथ 12 फीट से अधिक न हो। ध्यान रखें कि कोई ताजिया कहीं बिजली तार के संपर्क में न आए।

**कांवड़ यात्रा के मार्गो को गड्ढा मुक्त कराएगा नगर निगम :** नगर निगम कांवड़ यात्रा के मार्गों में बेहतर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने जा रहा है। साथ मंदिरों की ओर जाने वाले सभी मार्ग गड्ढा मुक्त भी किए जाएंगे। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के बाद नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। नगर निगम का निर्माण विभाग कांवड़ यात्रा के मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर मरम्मत का प्रस्ताव तैयार कराएगा और इसके बाद मरम्मत होगी।

# पश्चिम बंगाल के बारासात में लगी आग पर पाया गया काबू

**बारासात पुलिस जिले की अधीक्षक प्रतीक्षा झारखरिया ने बताया कि कोलकाता से लगभग 25 किलोमीटर दूर बारासात के कदमबागची में स्थित परिसर अभी भी इतना गर्म है कि किसी के लिए भी अंदर जाना मुश्किल है।**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में एक गोदाम-सह-फैक्टरी परिसर में लगी भीषण आग पर काबू पा लिया गया है। दमकल विभाग के कर्मचारियों को भारी मशक्कत के बाद आग को बुझाने में कामयाबी मिली। शनिवार शाम को लगी आग ने परिसर के लगभग तीन लाख वर्ग फीट क्षेत्र को प्रभावित किया। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि कुछ पेंट फैक्टरियों के अलावा परिसर में टीवी, एयर कंडीशनर आदि के गोदाम भी थे।

बारासात पुलिस जिले की अधीक्षक प्रतीक्षा झारखरिया ने बताया कि घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

उन्होंने बताया कि कोलकाता से लगभग 25 किलोमीटर दूर बारासात के कदमबागची में स्थित परिसर अभी भी इतना गर्म है कि किसी के लिए भी अंदर जाना मुश्किल है।

दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि गोदाम-सह-फैक्टरी परिसर को ठंडा करने के लिए दस दमकल गाड़ियों को लगाया गया था। शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे लगी भीषण आग पर काबू पाने के लिए कम से कम 20 दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था। एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

# आंध्र में 15 साल की लड़की से दो साल तक सामूहिक दुष्कर्म, 13 गिरफ्तार

**एडगुराल्लापल्ली (आंध्र प्रदेश) :** आंध्र प्रदेश में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां श्री सत्या जिले में 15 वर्षीय दलित लड़की से दो साल तक कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जघन्य अपराध 9 जून को तब सामने आया, जब लड़की गर्भवती हो गई और उसने पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम और बीएनएस सहित कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।




श्री सत्य साईं जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) वी रत्न ने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'इस जघन्य मामले में आरोपियों की पहचान की गई, उनका पता लगाया गया और धर्मावरम उपखंड के तहत विशेष टीमों की ओर से समन्वय के साथ उन्हें गिरफ्तार किया गया।'

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि अपराधियों की ओर से लड़की को उसकी आपत्तिजनक तस्वीरों और वीडियो के जरिए कथित तौर पर ब्लैकमेल किया गया। लड़की आठ महीने की गर्भवती है और वर्तमान में अनंतपुर जिले के एक सरकारी सामान्य अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों और जिला अधिकारियों ने उसकी हालत और गर्भ के अंतिम दौर में होने की वजह से गर्भपात न करने का फैसला किया है। पुलिस प्रसव के बाद लड़की को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए बाल कल्याण समिति के साथ समन्वय कर रही है। बच्चे पर डीएनए परीक्षण के लिए परमिट मांगा गया है क्योंकि यह कानूनी कार्यवाही के लिए महत्वपूर्ण होगा।

पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार किए गए कुछ व्यक्तियों का आपराधिक रिकॉर्ड है। एक पुलिस अधिकारी ने पीटीआई को बताया, 'आठ महीने की गर्भवती होने के बावजूद किसी स्थानीय व्यक्ति ने अधिकारियों को सूचित नहीं किया।

हमारा मानना है कि जातिगत कलंक और डर के कारण समुदाय ने बार-बार होने वाले दुर्व्यवहार पर चुप्पी साध ली।'

# चिंताजनक : गर्म होते महासागरों से 86% तक नष्ट हो सकती हैं प्रवाल भित्तियां, ठोस कदम उठाकर टाली जा सकती है आपदा

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन की भयावहता अब समुद्री जीवन को भी तेजी से निगल रही है। गर्म होते महासागरों की वजह से प्रवाल भित्तियां (कोरल रीफ्स) अपने पारंपरिक निवास से पलायन कर रही हैं। इससे आने वाले दशकों में उनका अस्तित्व ही संकट में पड़ सकता है।



ताजा वैश्विक अध्ययन के अनुसार, यदि मौजूदा रफ्तार से ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन जारी रहा तो इस सदी के अंत तक 86 फीसदी प्रवाल भित्तियां खत्म हो सकती हैं। ऐसा होने पर तटीय क्षेत्र में रहने वाले करोड़ों लोगों की आजीविका सहित और कई तरह के संकट खड़े हो सकते हैं। हालांकि, उत्सर्जन नियंत्रण के ठोस कदम उठाए जाएं तो इस आपदा को काफी हद तक टाला जा सकता है। यह अध्ययन हवाई विश्वविद्यालय के हवाई इंस्टीट्यूट ऑफ मरीन बायोलॉजी की इकोलॉजिकल थ्योरी लैब के वैज्ञानिकों ने किया है। अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका साइंस एडवांसेज में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार, जैसे-जैसे समुद्रों का तापमान बढ़ता है, प्रवाल भित्तियां ठंडे क्षेत्रों की ओर खिसक रही हैं, लेकिन उनकी यह गति अत्यंत धीमी है।

**बचाव की उम्मीदें और पेरिस समझौते की भूमिका :** अध्ययन में कहा गया है कि अगर वैश्विक स्तर पर पेरिस जलवायु समझौते जैसे ठोस कदमों पर अमल किया जाए तो ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भारी कमी लाई जा सकती है। इससे प्रवाल भित्तियों के नुकसान को मौजूदा आकलन के मुकाबले एक-तिहाई तक सीमित किया जा सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है, हमारे अगले कुछ दशकों के निर्णय न केवल इस सदी बल्कि आने वाली कई पीढ़ियों तक समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के भविष्य को तय करेंगे। प्रवाल भित्तियों की धीमी भागदौड़ जलवायु संकट की गंभीरता को उजागर करती है।

उनका भविष्य अब पूरी तरह हमारे फैसलों पर निर्भर करता है। अगर हम अभी ठोस कदम नहीं उठाते तो न केवल एक सुंदर पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट होगा बल्कि मानवता भी एक अमूल्य प्राकृतिक रक्षा कवच खो देगी।

**क्यों जरूरी हैं प्रवाल भित्तियां :** प्रवाल भित्तियां, जिन्हें समुद्र का वर्षावन कहा जाता है, समुद्री जैव विविधता के केंद्र हैं। वे समुद्री जीवों को भोजन, आश्रय और प्रजनन स्थल प्रदान करती हैं। साथ ही वे तटीय क्षेत्रों की रक्षा करने, मछली पालन, पर्यटन और दवाओं के विकास में भी योगदान देती हैं। उनके बिना न केवल समुद्री जीवन में असंतुलन आएगा। इसके अलावा, प्रवाल भित्तियां कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर जलवायु परिवर्तन की रफ्तार को कम करने में मदद करती हैं।

# ऐतिहासिक रोशनारा क्लब की बदलेगी रंगत

**नई दिल्ली।** ऐतिहासिक रोशनारा क्लब जल्द ही नए रंगरूप में नजर आएगा। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने इसमें चार सितारा स्तर की खानपान और आतिथ्य सेवाएं देने की योजना बनाई है। यहां दिल्लीवासियों को शानदार अनुभव मिलेगा। इसके लिए डीडीए ने कंपनियों से ई-टेंडर मांगे हैं। 30 जून तक टेंडर जमा होंगे।



शक्तिनगर स्थित रोशनारा क्लब 100 से ज्यादा साल तक लीज पर था। क्लब की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया था। इससे निजात पाने के लिए वर्ष 2012-17 के बीच क्लब की लीज खत्म होने पर डीडीए ने इसे कब्जे में ले लिया था।

अब डीडीए इसे शहर के नए हॉटस्पॉट के रूप में पहचान देने की तैयारी कर रहा है। इस क्लब में खानपान (एफएंडबी) सेवाओं और गेस्ट रूम्स के प्रबंधन के लिए अनुभवी कंपनियों से ई-टेंडर मांगे गए हैं, जिन्हें मासिक लाइसेंस शुल्क के आधार पर काम दिया जाएगा। हर माह के लिए 8,24,977 रुपये रिजर्व प्राइस तय है। इसका अनुबंध 3 साल का होगा, जिसे बेहतर काम के जरिये 9 साल तक बढ़ाया जा सकता है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। सोमवार 23 जून-2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम | ट्वीट का करंट
Anoop Kumar Singh
12m
अगर नियत अच्छी है
तो
नसीब कभी बुरा नहीं हो
सकता

# पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी पहुंचे नदिया पार और पार्षदों को दिये टिप्स

## पार्षदों ने किया ऐलान- हम टैक्स वृद्धि के विरोध में लड़ेंगे पूरी ताकत से लड़ाई

**- राजेंद्र त्यागी ने पार्षदों को तकनीकी बिंदुओं पर दी जानकारी और फिर तय हुआ कि बढ़ा हुआ टैक्स नहीं किया जाएगा जमा**





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर भगवा जंग अब तेज होती जा रही है। हाउस टैक्स बढ़ाए जाने के खिलाफ जारी इस जंग का रंग दोनों तरफ केसरिया है। भाजपा के पूर्व पार्षदों ने सबसे पहले मोर्चा खोला और उन्होंने निगम एक्ट का हवाला दिया, मेयर को लेटर लिखा और फिर उन्होंने संगठन को पत्र लिखने के बाद हाई कोर्ट में रिट दाखिल कर दी। ये चारों ही पूर्व पार्षद भाजपा के हैं। इनमें सीनियर पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, सीनियर पूर्व पार्षद अनिल स्वामी, पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल और पूर्व पार्षद हिमांशु लव हैं।

भाजपा के भीतर ये जंग छिड़ी और फिर धीरे-धीरे इस जंग में भाजपा के पार्षद शामिल हो गए। भाजपा के पार्षदों ने पहले निगम में बैठक की, उसके बाद उन्होंने विशेष बोर्ड बैठक बुलाने की मांग की और अब ये जंग नदिया के उस पार तक पहुंच गई।

रविवार को पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी इंदिरापुरम की शिप्रा सनसिटी में भाजपा के ही पूर्व पार्षद कपिल त्यागी के दफ्तर पर पहुंचे। यहां पर इंदिरापुरम क्षेत्र के आठ पार्षद मौजूद थे। ये सभी पार्षद भाजपा के हैं और भाजपा के इन सभी पार्षदों ने हाउस टैक्स वृद्धि का विरोध करते हुए आरपार की ऐलान का जंग किया।

### तीन पूर्व पार्षदों से शुरू हुई जंग में आया 80 पार्षदों के समर्थन का रंग

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स बढ़ाए जाने का फैसला आने के बाद सबसे पहले भाजपा के तीन पूर्व पार्षदों ने मोर्चा खोला। उन्होंने मेयर को लेटर लिखा, निगम एक्ट का हवाला दिया और प्रैसवार्ता बुला ली। यहां तक कह दिया कि जनता माफ नहीं करेगी और फिर धीरे-धीरे टैक्स बढ़ाए जाने की इस लड़ाई में पार्षद साथ आए। पहले 15 पार्षद साथ आए, फिर 40 पार्षदों ने नगर निगम में बैठक की और उसके बाद 67 पार्षदों ने मेयर को लेटर लिखा। ये जंग अब निर्णायक रोचक मोड़ की तरफ बढ़ रही है और यहां पर 100 पार्षदों वाले सदन में 80 पार्षद टैक्स बढ़ाए जाने के विरोध में हैं और 100 पार्षदों वाले नगर निगम के सदन में 80 पार्षदों ने मेयर से लेकर निगम अधिकारियों को लेटर लिख दिये हैं। वो टैक्स वृद्धि के विरोध में खुलकर आ गए हैं। राजेंद्र त्यागी ने जो अलख जगाई थी वो अब धीरे-धीरे क्रांति की तरफ बढ़ रही है। इंदिरापुरम क्षेत्र के पार्षदों ने मोर्चा खुलकर खोल दिया है।

यहां सबसे खास बात ये थी कि पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी ने इन मौजूदा पार्षदों को जानकारी दी कि किस तरह से टैक्स बढ़ोत्तरी के खिलाफ विरोध करना है। किस तरह से बोर्ड बैठक में अपनी बात रखनी है और किस तरह से निगम एक्ट बताता है कि यह टैक्स वृद्धि एक्ट के विरुद्ध है। राजेंद्र त्यागी ने पार्षदों को तकनीकी बिंदुओं पर जानकारी दी और फिर सभी पार्षदों ने अपनी राय रखी और फिर ये तय हुआ कि बढ़ा हुआ टैक्स जमा नहीं किया जाएगा।

हाउस टैक्स को लेकर पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी रविवार को विशेष रूप से इंदिरापुरम पहुंचे थे। खास बात ये थी कि इस बैठक में कई आरडब्ल्यूए के भी पदाधिकारी मौजूद रहे। राजेंद्र त्यागी ने यहां पार्षदों को जानकारी दी।

### जनता ने जिताया, जनता के हम साथः संजय सिंह



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इस बैठक में निगम पार्षद संजय सिंह भी पहुंचे थे। संजय सिंह वार्ड संख्या-100 से पार्षद हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने अपना एक वीडियो जारी किया था और बढ़े टैक्स को सही बताया था, लेकिन रविवार वाली बैठक में संजय सिंह पूरी तरह से जनता के साथ नजर आए। उन्होंने बढ़े हुए हाउस टैक्स का विरोध किया और ये कहा कि हमें जनता ने जिताया है और हम जनता के साथ हैं।

### हम शुरू से कर रहे हैं विरोध और जारी रहेगी ये लड़ाईः गौरव सोलंकी



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वैशाली क्षेत्र से पार्षद गौरव सोलंकी हाउस टैक्स के विरोध में पहले दिन से हैं। उन्होंने निगम की बैठक में भी विरोध किया था और वो इस पूरे मामले पर शुरू से विरोध कर रहे हैं और बढ़े हुए हाउस टैक्स को जनता पर अतिरिक्त बोझ मान रहे हैं। रविवार वाली बैठक में गौरव सोलंकी ने एक बार फिर कहा कि हम सदन से लेकर सड़क तक बढ़े हुए हाउस टैक्स का विरोध करेंगे। यह नियम विरुद्ध है और जनता पर जबरन लादा जा रहा है। गौरव सोलंकी ने कहा कि बढ़े हुए हाउस टैक्स का विरोध हमारी तरफ से पहले दिन से है और यह फैसला वापस लेने तक हमारा विरोध जारी रहेगा।

### हम इस लड़ाई में गौरव सोलंकी के साथः अनुज त्यागी



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। निगम पार्षद अनुज त्यागी ने कहा कि बोर्ड बैठक में हमें यह नहीं पता था कि करों की बढ़ोत्तरी इतनी गुणा हो रही है। उन्होंने कहा कि हमें हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध वाली लड़ाई में गौरव सोलंकी का साथ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम हाउस टैक्स की इस लड़ाई में गौरव सोलंकी के साथ हैं, यह एक बड़ा मुद्दा है।

### हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के खिलाफ लड़ेंगे हमः मनोज गोयल



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कौशांबी क्षेत्र के पूर्व पार्षद तथा मौजूदा पार्षद कुसुम गोयल के पति मनोज गोयल ने कहा कि हम हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि हमें जनता ने जिताया है और हम सदन में जनता के हितों की लड़ाई लड़ने के लिये बैठे हैं। हम यहां जनता के खिलाफ किसी फैसले का समर्थन करने के लिये नहीं है। उन्होंने कहा कि हम इस फैसले के खिलाफ थे, इस फैसले के खिलाफ हैं और रहेंगे।

### जनता के हित से बड़ा हमारे लिये कोई मुद्दा नहींः नरेश भाटी



वसुंधरा के पार्षद नरेश भाटी ने कहा कि हम अपने क्षेत्र की जनता के प्रति जवाबदेह हैं। हमें जनादेश मिला है और उस जनादेश का सम्मान करना हमारा कर्त्तव्य है। उन्होंने कहा कि निगम एक्ट भी इस बढ़ोत्तरी को गलत बताता है और पूरा निगम सदन इस फैसले के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हम जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं और यह हमारी जिम्मेदारी भी है कि हम नगर निगम के सदन में जनता की आवाज उठाएं। हम बढ़े हुए हाउस टैक्स के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेंगे।

### टैक्स के खिलाफ लड़ाई में पूरी तरह साथः धीरज अग्रवाल



वार्ड-81 इंदिरापुरम के पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा कि कोई भी सरकार, कोई भी सदन जनता को कर के बोझ के नीचे नहीं दबाता है। उन्होंने कहा कि अचानक से कई गुणा करों का बोझ लादना न्यास संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि हम इस फैसले में पार्षदों के साथ हैं। हम जनता की लड़ाई लड़ रहे हैं और बोर्ड बैठक में आवाज उठाएंगे।

### पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने उठाया विकास कार्यों का मुद्दा



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में बैठक थी, पार्षद मौजूद थे। पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी पार्षदों को ये बता रहे थे कि किस तरह से हमें इस लड़ाई को लड़ना है। इस बैठक में वार्ड-98 के पार्षद डॉ. अनिल तोमर भी मौजूद थे। उन्होंने बिल्डर सोसायटी में निगम द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जो बिल्डर सोसायटी हैं उनमें निगम विकास कार्य नहीं कराते। उन्होंने किसी अन्य वार्ड में हुए कामों को टारगेट पर लिया और कहा कि मेरे वार्ड क्षेत्र में आने वाली सोसायटी भी टैक्स देती है। इसलिये यहां भी विकास होना चाहिए।

### नगर निगम की बोर्ड बैठक का हो रहा है इंतजार

हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का मुद्दा अब धीरे-धीरे आंदोलन वाले मोड में आ गया है। निगम के पार्षद केवल इसी मुद्दे को लेकर बोर्ड बैठक बुलाए जाने की मांग कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि निगम की बोर्ड बैठक कभी भी हो सकती है और पार्षद भी खुद को बोर्ड बैठक के लिये तैयार कर रहे हैं। इस बार बोर्ड बैठक हंगामेदार होगी। वहीं ये भी मानाजा रहा है कि निगम अधिकारी बोर्ड बैठक से पहले ही कोई सोल्यूशन लाने की बात करेंगे। वहीं निगम पार्षद इस बार बोर्ड बैठक में सारगर्भित तरीके के साथ अपनी बात रखना चाहते हैं।

# गुल्लक से चुनावी सहयोग करने वाले छात्र को घर पहुंचकर विधायक संजीव शर्मा ने कहा थैंक्स

**चुनाव प्रचार के दौरान केशव पहुंचा था सहयोग राशि लेकर और दो दिन पहले केशव ने विधायक से किया था अपने घर पर आने का अनुरोध**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये किस्सा कुछ ऐसा किस्सा है कि शहर विधायक संजीव शर्मा का जीवन का यादगार हिस्सा बन गया है। दरअसल वो अपने जीवन का पहला चुनाव लड़ रहे थे और पहले चुनाव में कोई पूरे भाव से उन्हें सहयोग करने पहुंचा। संजीव शर्मा टीआरपी के बादशाह हैं और उनकी सबसे बड़ी खूबी है कि वो अपने समर्थकों को कभी नाराज नहीं करते, वो हमेशा से सबको साथ लेकर चलते हैं।

शहर विधायक संजीव शर्मा पटेलनगर में रहने वाले केशव के घर पहुंचे। केशव 12वीं कक्षा का छात्र है और सबसे बड़ी बात ये थी कि संजीव शर्मा ने केशव के घर पहुंचकर उसे थैंक्स कहा, आभार जताया।

शहर विधायक संजीव शर्मा ने इस आभार के पीछे छुपे स्नेह और प्यार का किस्सा बताया। उन्होंने बताया कि ये उस समय की बात है जब मैं शहर विधानसभा से उपचुनाव लड़ रहा था, समर्थक थे और हर नेता की अपनी फैंस फोलोइंग होती है और चाहने वालों की अपनी फीलिंग होती है। उन्होंने बताया कि चुनाव का मौका था उसी दौरान उनके पास लगभग 16-17 वर्ष का एक किशोर पहुंचा। उसके पास एक पोटली थी और उसने अपनी उस पोटली को संजीव शर्मा को दिया। संजीव शर्मा हैरान हो गए और उस छात्र ने बताया कि इस पोटली में 18 हजार रूपए की धनराशि है और यह मेरी तरफ से आपके चुनाव में सहयोग है। छात्र ने ये भी बताया कि यह मेरे एक वर्ष की पॉकेट मनी है।

संजीव शर्मा ने जब छात्र से इसका कारण पूछा तो छात्र ने कहा कि मैं राजनीतिक व्यक्तित्व में आपसे प्रभावित हूं। मैं आपको राजनीति का नायक मानता हूं। चुनाव लड़ रहे संजीव शर्मा ने छात्र का आभार व्यक्त किया, लेकिन धनराशि लेने से इनकार कर दिया और कहा कि इस धनराशि को आप अपने शिक्षा या अन्य किसी शौक पर खर्च करें।

बात आई गई हो गई और संजीव शर्मा चुनाव जीतकर शहर विधायक बन गए, लेकिन संजीव शर्मा की ये खूबी है कि वो कभी भी अपने पास आए किसी व्यक्ति को नहीं भूलते। ये उनका व्यक्तित्व है कि वो सामने वाले को बेहद खास होने का एहसास कराते हैं। एक बार फिर यही हुआ जब शहर विधायक संजीव शर्मा उस छात्र केशव के घर पहुंचे। पटेलनगर पहुंचकर उन्होंने उस छात्र को थैंक्स कहा। तब पता चला कि दो दिन पहले केशव नाम का यह छात्र शहर विधायक संजीव शर्मा के पास पहुंचा था और उनसे अपने घर आने का अनुरोध किया था। संजीव शर्मा ने यह निमंत्रण स्वीकार किया और उन्होंने बेहद आत्मीयता के साथ घर पहुंचकर ये भी एहसास करा दिया कि आखिर उन्हें क्यों जनता का विधायक कहा जाता है। संजीव शर्मा का ये अंदाज भाजपा में चर्चा है और उनके समर्थक भी मानते हैं कि संजीव शर्मा का यही अंदाज उन्हें जनता के बीच लोकप्रियता के शीर्ष पर बिठाता है। वे एक ऐसे जनप्रतिनिधि है जिनसे जनता का कोई भी व्यक्ति कभी भी मिल सकता है। अपनी बात कह सकता है और सबसे बड़ी बात ये है कि संजीव शर्मा को हर आम व्यक्ति याद रहता है। उन्हें ये भी याद रहता है कि किसके जन्मदिन पर बधाई देने जाना है, किसके यहां शोक व्यक्त करने जाना है और उनकी सोशल मीडिया प्रोफाईल बताती है कि वो ऐसे विधायक है जो खास मौको पर नहीं लेकिन आम आदमी के हर सुख और दुख में पहुंच जाते हैं।

# गजब की रही मंत्री जी के गाजियाबाद में आने की कहानी

**- ना किसी भगवा नेता के हुए दीदार और हो भी गई मंत्री जी की जिले से रवानी**





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में संगठन का पदाधिकारी होना, जनप्रतिनिध होना और इन सबसे भी ऊपर है सरकार में मंत्री होना। सरकार किसी की भी हो लेकिन जलवा मंत्री जी का रहता ही है। जिला कोई भी अगर मंत्री जी के चरण जिले में पड़ते हैं तो कई हाथ उनके चरणों को स्पर्श करने के लिये बिना विचारे, बिना विमर्श किये पहुंच जाते हैं। सरकारी स्तर पर मंत्री जी का प्रोटोकॉल होता है और पार्टी स्तर पर मंत्री जी का भोकाल होता है।

मंत्री जिले में आए और भगवाधारी उन्हें प्रणाम करने ना जाएं ऐसा तो हो ही नहीं सकता। विधायक पहुंचते हैं, संगठन के पदाधिकारी पहुंचते हैं, लेकिन भगवा गढ़ में एक ऐसी कहानी हो गई जिसमें बड़ी खामोशी से मंत्री जी की आमद हुई और उसी खामोशी से मंत्री जी की रवानी भी हो गई। कमल वालों की नगर में कमाल ये हुआ कि ना मंत्री जी का प्रोटोकॉल पता चला और ना ही मंत्री जी का भोकाल दिखा।

किस्सा भगवा गढ़ में गूंज रहा है। बताते हैं कि एक मंत्री जी गाजियाबाद आए। सरकार के मंत्री हैं तो ये उम्मीद थी कि भगवा योद्धा पहुंचेंगे, भगवा कमांडर पहुंचेंगे, भगवा विधायक पहुंचेंगे और देवतुल्य पहुंचेंगे, लेकिन ऐसा लग रहा है कि या तो मंत्री जी ने अपने आने की खबर किसी को नहीं दी या फिर कमल वालों को मंत्री जी के आने की खबर नहीं लगी। दोनों में से कारण जो भी हो, लेकिन सरकार के मंत्री जिले में आए और बहुत देर तक रुके। बताते हैं कि मंत्री जी ने यहां बैठक भी ली है और समीक्षा भी की है और बैठक समीक्षा के बाद वो मीडिया से भी रूबरू हुए। यानी अपने विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

मीडिया को खबर थी और मीडिया से मंत्री जी मिले भी, लेकिन ऐसा क्या हुआ कि भाजपा वालों को ही मंत्री जी के आने की खबर नहीं लगी। भाजपा महानगर मीडिया वाले चौधरी जी की तरफ से कोई प्रेसनोट जारी नहीं हुआ। किसी विधायक से लेकर संगठन के किसी पदाधिकारी ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत नहीं किया। मंत्री जी के आने की सूचना नहीं मिली और मंत्री जी के जाने का भी किसी को पता नहीं चला। मंत्री जी जिले में आए और भगवा वालों को ये भी पता नहीं चला कि मंत्री जी को सलामी भी रेड कारपेट पर दी गई।

# पार्षदों में हो रही है चर्चा : क्या बोर्ड बैठक कोर्ट की डेट के बाद ही होगी



### लगातार पार्षदों के विरोध के बाद भी नहीं बुलाई जा रही है बोर्ड बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सिटी से लेकर नदिया पार तक पूर्व पार्षद और वर्तमान पार्षद नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी के मुद्दे को लेकर आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहे हैं। लगातार नगर निगम के पार्षद बड़ी संख्या में महापौर सुनीता दयाल से मुलाकात करके हाउस टैक्स के विषय पर बोर्ड बैठक बुलाने की अपील कर चुके हैं।



अपील करने के साथ ही बाकायदा पार्षदों द्वारा लिखित पत्र दिए गए हैं और अपनी कई महत्वपूर्ण बात इन पत्रों के द्वारा महापौर को बताई गई है। बावजूद उसके अबतक नगर निगम की बोर्ड बैठक बुलाने को लेकर कोई डेट फिक्स नहीं की गई है।

तो वहीं पार्षदों का विरोध-प्रदर्शन और इस पूरी मुहिम के खिलाफ प्रचार प्रसार तेज हो गया है। नगर निगम गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पार्षदों के बीच अब चर्चा शुरू हो गई है कि क्या नगर निगम की बोर्ड बैठक कोर्ट की डेट के बाद ही बुलाई जाएगी।

### 29 जुलाई को हाई कोर्ट में है हाउस टैक्स को लेकर डेट

**करंट क्राइम :** पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, हिमांशु लव, हिमांशु मित्तल, अनिल स्वामी और कई अन्य लोग नगर निगम द्वारा मनमाने ढंग से बढ़ाए गए हाउस टैक्स के विरोध में हाईकोर्ट का रुख कर चुके हैं। हाई कोर्ट ने इस मामले में बहुत ज्यादा सुनवाई नहीं की थी लेकिन अब इस पूरे मामले में 29 जुलाई को महत्वपूर्ण चर्चा होनी है। जिसके बाद यह तय हो पाएगा कि क्या नगर निगम इस वित्तीय वर्ष में बढ़ा हुआ हाउस टैक्स ले सकेगा या इस मामले में पार्षदों के हक में फैसला सुनाया जाएगा। दरअसल नगर निगम के पूर्व पार्षदों द्वारा महत्वपूर्ण तथ्यों का हवाला देते हुए कोर्ट से मांग की गई है कि नगर निगम गाजियाबाद के कुछ अधिकारियों द्वारा शासन और नगर निगम सदन को गुमराह करते हुए हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी की है जो सरासर गलत है। उधर नगर निगम गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि इस पूरे मामले में 29 जुलाई को कोर्ट में सुनवाई है। उसके बाद ही इस पूरे विषय पर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### हाउस टैक्स के मुद्दे पर पार्षद लगातार मचा रहे हैं शोर

**करंट क्राइम :** नगर निगम में हाउस टैक्स के मुद्दे को लेकर बोर्ड बैठक कब बुलाई जाएगी, अभी इस पर सस्पेंस बना हुआ है। तो वहीं पार्षदों के बीच चर्चा है कि बोर्ड बैठक की तारीख टाली जा रही है और कोर्ट की तारीख का निर्णय के बाद वेट किया जा रहा है। उधर नगर निगम के सूत्र बता रहे हैं कि फिलहाल पार्षदों को इस बात की जानकारी नहीं दी गई है कि बोर्ड की बैठक कब होगी, लेकिन बीते दिनों जब 70 से अधिक पार्षदों द्वारा अपने पत्र और महापौर सुनीता दयाल के सामने अपना पक्ष हाउस टैक्स के विरोध में रखा गया था, तो उसके बाद चर्चा तेज हुई थी कि जल्द ही हाउस टैक्स को लेकर बोर्ड बैठक बुलाई जा सकती है, लेकिन अभी तिथि तय नहीं होना बताया जा रहा है। बता दें की पूर्व पार्षदों और वर्तमान पार्षदों ने जहां नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स को दोगुने से लेकर कई गुना बढ़ाने की बात कर कह रहे हैं। तो वहीं नगर निगम के अधिकारी और टैक्स से जुड़े प्रमुख चार्ज संभालने वाले लोग कह रहे हैं कि यह जनता पर अतिरिक्त बोझ नहीं है, अगर हर साल या हर 2 साल या 10% के हिसाब से टैक्स बढ़ोत्तरी की जाती तो वर्तमान टैक्स दर से वह अधिक होता। बता दें की इसी को लेकर लगातार वर्तमान और पूर्व पार्षदों का विरोध एवं संघर्ष वाला मोड बना हुआ है।

## संपादकीय

# सुनियोजित कदम - उत्तम प्रदेश

सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) भारत के आर्थिक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एमएसएमई स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने में महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं। देश से वस्तुओं के कुल निर्यात में एमएसएमई खंड की हिस्सेदारी 45 फीसदी से अधिक है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इनका योगदान लगभग 30 फीसदी है। देश में इलेक्ट्रॉनिकी एवं सेमीकंडक्टर जैसे मूल्यवान क्षेत्रों सहित बड़े औद्योगिक संकुलों को जिस तरह महत्त्व दिया जा रहा है उतना ही ध्यान एमएसएमई के विकास के लिए उपयुक्त माहौल तैयार करने पर दिया जाना चाहिए। इस दिशा में उत्तर प्रदेश सुनियोजित रूप से कदम बढ़ाता प्रतीत हो रहा है।

उत्तर प्रदेश में एमएसएमई की संख्या देश में सर्वाधिक है। राज्य में कुछ समय पहले विशेष रूप से एमएसएमई के लिए 11 जिलों में 15 औद्योगिक क्षेत्र तैयार करने से जुड़ी घोषणाएं हुई हैं। इनमें यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण भी शामिल है। राज्य में नए एमएसएमई के लिए 500 एकड़ जमीन का इंतजाम किया गया है। एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के ये प्रयास सही दिशा में हैं। एमएसएमई विभाग द्वारा तैयार मसौदा योजना के अनुसार इन औद्योगिक क्षेत्रों के लिए 764.31 एकड़ जमीन आवंटित की जाएगी। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक उत्पादन में एमएसएमई क्षेत्र का योगदान लगभग 60 फीसदी है और राज्य के निर्यात में भी इसकी हिस्सेदारी 46 फीसदी तक पहुंच जाती है। राज्य की ऐसी इकाइयों की हिस्सेदारी देश के कुल एमएसएमई में लगभग 14 फीसदी है। एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) जैसी विशेष योजनाएं परंपरागत एवं कारीगरी कौशल को नए सिरे से बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ओडीओपी योजना के माध्यम से परंपरागत एवं कारीगरी कौशल आधुनिक मूल्य श्रृंखला से जुड़ रहा है। राज्य ने भौगोलिक संकेतकों (जीआई) के मामले में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। देश में सर्वाधिक जीआई टैग के साथ उत्तर प्रदेश स्थानीय उत्पादों के दम पर एक नया एवं विशिष्ट बाजार तैयार करने में सफल रहा है। वर्ष 2023-24 में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 13 फीसदी रही जो प्रदेश के राज्य सकल घरेलू उत्पाद (एसजीडीपी) दर 7.5 फीसदी से आगे निकल गई।

वर्तमान मूल्यों पर विनिर्माण राज्य की अर्थव्यवस्था में 27 फीसदी योगदान दे रहा है। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि राज्य के लगभग सभी जिलों में निवेश बढ़ रहा है। यह प्रगति एमएसएमई क्षेत्र को आगे बढ़ने में मदद करती है और एक संतुलित औद्योगिक तंत्र विकसित करने में भी सहायता मिली है।

ये सभी प्रयास उपयुक्त दशा में आगे बढ़ते दिख रहे हैं किंतु अब भी कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता है। महिला उद्यमिता की कमी सबसे अहम बिंदु है जिस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। राज्य में मौजूद कुल एमएसएमई में महिलाओं द्वारा संचालित एमएसएमई की हिस्सेदारी मात्र 33 फीसदी है। यह अनुपात कई राज्यों की तुलना में कम है। लक्षित कौशल विकास, वित्त की उपलब्धता और महिला केंद्रित औद्योगिक संकुल रोजगार एवं उत्पादन और बढ़ाने में मददगार हो सकते हैं। उत्तर प्रदेश की कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था चुनौती और अवसर दोनों पेश कर रही है। कृषि-प्रसंस्करण, खाद्य संरक्षण, ग्रामीण शिल्प और कृषि उपकरण विनिर्माण खंडों में अपार संभावनाएं हैं जिनका पर्याप्त लाभ नहीं उठाया गया है। इन खंडों में आगे बढ़ने की काफी गुंजाइश मौजूद है। उदाहरण के लिए राज्य की खाद्य प्रसंस्करण औद्योगिक नीति 2022-27 में इस बात का उल्लेख है कि राज्य की 24,000 खाद्य-प्रसंस्करण इकाइयों में केवल 6 फीसदी ही ऐसी हैं जिनका सालाना राजस्व 20 करोड़ रुपये से अधिक है। यह स्थिति क्षमता एवं कारोबार विस्तार की संभावनाएं उपलब्ध होने का संकेत दे रही है।

# अहमदाबाद विमान हादसे के बाद डीजीसीए का बड़ा कदम, व्यापक ऑडिट के लिए नया ढांचा शुरू

**नई दिल्ली।** बीते दिनों अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के बाद से डीजीसीए विमानन क्षेत्र में अहम बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। अब डीजीसीए ने व्यापक विशेष ऑडिट के लिए एक नई व्यवस्था शुरू करने का फैसला किया है। इसके तहत डीजीसीए के ऑडिट अब सक्रिय रूप से प्रणालीगत कमजोरियों की पहचान करेंगे। इन ऑडिट्स में ये भी सुनिश्चित किया जाएगा कि अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के मानकों और उसके द्वारा बताई गई बातों का अच्छी तरह से पालन हो। साथ ही भारत के राष्ट्रीय विमानन शर्तों का भी कड़ाई से पालन हो सके।



**एअर इंडिया के तीन अधिकारियों को हटाया :** इससे पहले शनिवार को डीजीसीए ने एअर इंडिया के डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट समेत अपने तीन अधिकारियों को चालक दल (क्रू) की समय-सारणी और रोस्टरिंग से संबंधित सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से हटाने का आदेश दिया था।

डीजीसीए ने अपने आदेश में कहा कि लाइसेंसिंग, आराम और नवीनता आवश्यकताओं में चूक के बावजूद उड़ान चालक दल (क्रू) के शेड्यूल और संचालन में एअर इंडिया ने बार-बार लापरवाही बरती। इस लापरवाही का पता एआरएमएस से सीएई उड़ान और चालक दल प्रबंधन प्रणाली में परिवर्तन के बाद की समीक्षा के दौरान चला। एआरएमएस (एयर रूट मैनेजमेंट सिस्टम) एक सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म है जिसका उपयोग एयरलाइन द्वारा विभिन्न परिचालन और प्रबंधन कार्यों के लिए किया जाता है। इसमें चालक दल की रोस्टरिंग और उड़ान योजना आदि शामिल हैं।

**एअर इंडिया का विमान हो गया था दुर्घटनाग्रस्त :** बीती 12 जून को अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा एअर इंडिया का विमान उड़ान भरते ही हादसे का शिकार हो गया था। विमान में कुल 242 यात्री और चालक दल के सदस्य थे।

हादसे में एक यात्री को छोड़कर बाकी सभी लोग मारे गए थे। एअर इंडिया विमान एआई-171 अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरते ही एक हॉस्टल की इमारत पर क्रैश हो गया था। जिससे हॉस्टल में मौजूद अन्य 29 लोग मारे गए थे। इस तरह एअर इंडिया विमान हादसे में कुल 270 लोगों की जान गई।

# भू-राजनीतिक तनाव का असर

## कंपनियां नए कर्मचारियों को भर्ती करने से कतरा रहीं



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव का असर बिजनेस पर भी हो रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 63 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उनकी कंपनियों ने नई भर्तियों पर फिलहाल रोक लगाई हुई है और साथ ही टीमों के आकार को छोटा भी किया जा रहा है। मानव संसाधन सेवा प्रदाता जीनियस कंसल्टेंट्स की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 15 प्रतिशत कंपनियों ने भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बाद अनुबंध आधारित और फ्रीलांस काम कराने पर फोकस किया है।

**क्या है रिपोर्ट में :** यह रिपोर्ट 12 मई से जून के दौरान देश के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत 2006 कर्मचारियों के बीच किए गए एक ऑनलाइन सर्वे पर आधारित है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 36 प्रतिशत कर्मचारियों ने बताया कि तनाव के चलते उनकी वेतन वृद्धि, बोनस भी प्रभावित हुए हैं।

# ईरान इस्राइल युद्ध से तेल की कीमतों पर पड़ेगा असर



**नई दिल्ली।** ईरान इस्राइल युद्ध में अमेरिका की एंट्री हो चुकी है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर रविवार तड़के बम बरसाए। जिसके बाद ईरान ने भी पलटवार की धमकी दी है। इस घटनाक्रम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका है। इसका सीधा असर तेल की कीमतों पर पड़ेगा। हालांकि भारत ने पहले ही हालात को भांपते हुए रणनीति के तहत रूस और अमेरिका से कच्चे तेल का आयात बढ़ा दिया है। भारत ने जून महीने में रूस से इतना तेल खरीदा है, जो पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों से खरीदे गए कुल कच्चे तेल से भी ज्यादा है।

**रूस से तेल खरीद में भारी उछाल :** वैश्विक व्यापार विश्लेषक फर्म कैपलर के आंकड़ों के मुताबिक भारत ने जून महीने में रूस से 20-22 लाख बैरल प्रति दिन के हिसाब से कच्चे तेल की खरीद की है। यह बीते दो साल में सबसे ज्यादा है। मई माह में भारत ने रूस से तकरीबन 11 लाख बैरल प्रति दिन के हिसाब से कच्चा तेल खरीदा था। भारत पहले रूस से अपनी जरूरत का महज एक प्रतिशत तेल ही आयात करता था, लेकिन अब इसमें भारी बढ़ोतरी हुई है और अब भारत अपने कुल तेल आयात का 40-44 प्रतिशत तेल रूस से मंगाता है।

**पश्चिम एशिया तनाव के चलते बढ़ सकते हैं तेल के दाम :** साफ है कि जून में पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव के चलते भारत ने अपनी आयात रणनीति में बदलाव किया है। भारत ने जून माह में इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत से कुल करीब 20 लाख बैरल प्रति दिन तेल की खरीद की है। हालांकि तनाव बढ़ने से तेल के दाम बढ़ सकते हैं। ईरान ने धमकी दी थी कि अगर अमेरिका इस्राइल के साथ उसके युद्ध में शामिल हुआ तो वे होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों पर हमले करेंगे।

भारत का 40 प्रतिशत तेल अभी भी होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर भारत पहुंचता है। ईरान के समर्थन में हूती विद्रोही भी लाल सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना सकते हैं। जिससे खाड़ी के देशों से तेल आयात को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## राशिफल

**मेष :** निजी विषयों में भावनात्मक अंकुश बनाए रखें। कामकाजी प्रयास पक्ष में बनेंगे। रिश्तों पर जोर रखेंगे। तर्क विवाद से दूर रहेंगे। तार्किक संतुलन बनाए रखेंगे।

**वृष :** जरूरी सूचनाएं प्राप्त हो सकती हैं। साहस पराक्रम बनाए रखेंगे। संबंधों में सहज रहेंगे। सामाजिक कार्यां में पर जोर रखेंगे। वाणिज्यिक मामलों को गति देंगे।

**मिथुन :** परिवार में उत्सव का वातावरण बना रहेगा। निसंकोच आगे बढ़ेंगे। बड़ी सोच बनाए रखेंगे। वाणी व्यवहार प्रभावशाली रहेगा। परिजनों के साथ सुख सौख्य साझा करेंगे।

**कर्क :** कलात्मकता और रचनात्मकता बल पाएंगे। आधुनिक विषयों और गतिविधियों में रुचि लेंगे। स्वयं पर ध्यान देंगे। प्रियजन प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह :** जरूरी सूचनाएं मिल सकती हैं। न्यायिक मामलों में धैर्य दिखाएंगे। दूर देश की यात्रा हो सकती है। सभी का सम्मान बनाए रखेंगे। स्मार्ट वर्क बढ़ाएंगे।

**कन्या :** करियर कारोबार में शुभता रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यां में सक्रियता दिखाएंगे। उपलब्धियां बढ़ेंगी। उल्लेखनीय मामले बनेंगे। व्यवसायिक योजनाएं फलेंगी।

**तुला :** शासन प्रशासन के मामले बनेंगे। कार्य व्यापार में आत्मविश्वास ऊंचा रहेगा। सभी क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। नवीन आर्थिक स्त्रोत निर्मित होंगे।

**वृश्चिक :** भाग्य वृद्धि बनी रहेगी। विभिन्न अवसर बढ़त बने रहेंगे। सकारात्मक परिस्थियितों का लाभ उठाएंगे। विभिन्न योजनाओं में गति आएगी।

**धनु :** भावनाओं का संतुलन बनाए रखें। अनुशासन और व्यवस्था में विश्वास बढ़ाएं। स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ाएंगे। पूर्व मामले उभर सकते हैं।

**मकर :** सबसे सहज व्यवहार रखेंगे। साझीदारी से कार्य व्यापार संवारेंगे। औद्योगिक प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे। स्थायित्व को बल मिलेगा।

**कुंभ :** विभिन्न संकेतों के प्रति सजग रहें। विपक्ष की सक्रियता बनी रहेगी। सावधानी से आगे बढ़ेंगे। लेनदेन में स्पष्टता बढ़ाएंगे।

**मीन :** प्रेम और स्नेह के मामले संवार पर बने रहेंगे। सफलता उम्मीद से अच्छी रहेगी। परीक्षा प्रतिस्पर्धा में जीत मिलेगी। मेल मुलाकात में सहज रहेंगे।

## चुटकुले

बस में खूबसूरत लड़की की ओढ़नी पकड़कर संता बोला...
**संता**- क्या यह पिंक रंग की ओढ़नी है।
लड़की संता के गाल पर थप्पड़ रशीद कर बोली- तुम्हारी बहन नहीं है क्या?
**संता**- है, अभी नानी गांव गई है।
**लड़की**- तो ओढ़नी क्यों देख रहे हो?
**संता**- पड़ोस की भाभी को गिफ्ट में पिंक रंग की ओढ़नी देनी है।

---

लड़की- कहां पर हो?
लड़का- स्कूटर से गिर गया हूं एक्सीडेंट हो गया है, हॉस्पिटल जा रहा हूं।
लड़की- ध्यान रखना, टिफिन टेढ़ा ना हो जाये, वरना दाल गिर जाएगी।

---

संता ने बोला बंता से- ये LIC वाले बड़े कमाल के लोग होते हैं।
बंता ने पूछा- कैसे ?
संता बोला- कमीने बीबी के पास बैठकर,उन्हें उनके पति के मरने के बाद होने वाले फायदे समझाते हैं।

## स्पाइसजेट को गलत टिकट जारी करना पड़ा भारी

# यात्री को 25000 रुपये का मुआवजा देने का निर्देश



**मुंबई।** मुंबई के एक उपभोक्ता आयोग ने माना है कि स्पाइसजेट की ओर से 2020 में अपनी यात्रा का मार्ग बदलते समय गलत टिकट जारी करना एक वरिष्ठ नागरिक के लिए आर्थिक और मानसिक रूप से नुकसानदायक साबित हुआ। आयोग ने एयरलाइन को यात्री को 25,000 रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, मुंबई (उपनगरीय) ने 17 जून को पारित आदेश में यात्री के मानसिक उत्पीड़न का कारण बनने वाली गलती के लिए बजट वाहक को सेवा में कमी और लापरवाह व्यवहार का दोषी ठहराया।

यात्री की तत्काल आवश्यकता को देखते हुए एयरलाइन ने खराब मौसम के कारण उसकी प्रारंभिक उड़ान रद्द होने के बाद एक वैकल्पिक बुकिंग की थी, जहां गलत टिकट जारी किया गया था। आयोग ने माना कि उड़ान रद्द करना एयरलाइन के नियंत्रण से बाहर था और एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया था।

इसमें कहा गया कि एयरलाइन ने शिकायतकर्ता को वैकल्पिक टिकट उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए थे। हालांकि, जारी किया गया टिकट गलत था। इस तरह शिकायतकर्ता को आर्थिक और मानसिक रूप से नुकसान उठाना पड़ा। आयोग ने आगे कहा कि शिकायतकर्ता ने लापरवाही भी की। अगर शिकायतकर्ता ने टिकट जारी होने के समय ही उसे चेक कर लिया होता, तो गलती को मौके पर ही सुधारा जा सकता था और शिकायतकर्ता खुद को आगे की परेशानी से बचा सकता था।

**क्या है मामला और शिकायतकर्ता की दलील :** घाटकोपर इलाके में रहने वाले एक वरिष्ठ नागरिक शिकायतकर्ता ने 5 दिसंबर, 2020 के लिए मुंबई से दरभंगा और दो दिन बाद वापसी की यात्रा के लिए स्पाइसजेट की टिकटें बुक की थीं। उनकी मुंबई से दरभंगा की यात्रा पूरी हो चुकी थी और खराब मौसम के कारण वापसी की उड़ान रद्द कर दी गई। चूंकि उन्हें 8 दिसंबर, 2020 को मुंबई में पीएचडी ऑनलाइन परीक्षा देनी थी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- किसी शिशु को जन्म देते समय माँ को 20 हड्डियों के टूटने के समान दर्द होता है।
- नाखून काटते रहने का अर्थ है कि व्यक्ति किसी प्रकार की समस्या से ग्रसित है।
- मानव अपनी हड्डियों के कारण ही खड़ा हो पाता है इसलिए हड्डियों का महत्व अधिक है।
- सच बोलते समय इंसान अपने हाथो को अधिक बार हिलाता है किन्तु झूठी बात कहते समय वो बिल्कुल मूवमेंट नहीं करता है।
- जागते समय एक मनुष्य का मस्तिष्क 10 से 23 वाट की इलेक्ट्रिसिटी छोड़ता है जिससे एक बल्ब जल सकता है।
- किसी व्यक्ति को अधिक हँसी आने पर उसके हाथ चूँटी काटने पर हँसी रुक जाएगी।
- मानव के नाखून का रंग उसके स्वास्थ्य की सही जानकारी देते है।
- मनुष्य के हाथ की सर्वाधिक संवेदनशील अंगुली अँगूठे के पास वाली अंगुली है।
- करीबन 6 महीने की उम्र तक एक बच्चे के रोने पर उसके आँसू नहीं आते है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# पंत बतौर विकेटकीपर हाईएस्ट सेंचुरी वाले भारतीय: उन्होंने शतक के बाद जंप करके सेलिब्रेट किया, बुमराह की बॉल पर 3 कैच छूटे



**नई दिल्ली।** लीड्स टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड ने 3 विकेट खोकर 209 रन बना लिए हैं। शनिवार को भारतीय टीम 471 रन बनाकर ऑलआउट हुई। ऋषभ पंत बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने सिक्स से सेंचुरी पूरी की, उसके बाद जंप करके सेलिब्रेट किया। जसप्रीत बुमराह की बॉल पर बेन डकेट के 2 और ओली पोप का एक कैच छूटा।

23 साल बाद इंग्लैंड में एक पारी में 3 भारतीय बैटर्स के शतक एशिया से बाहर एक ही टेस्ट पारी में तीन भारतीय बल्लेबाजों द्वारा 4 बार शतक लगाया है। सबसे पहले 1986 में सिडनी टेस्ट में गावस्कर, श्रीकांत और मोहिंदर अमरनाथ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक लगाए। 2002 में हेडिंग्ले में द्रविड़, तेंदुलकर और गांगुली ने इंग्लैंड के खिलाफ यह कमाल किया था। 2006 में वेस्टइंडीज के ग्रोस आइलेट



मैदान पर सहवाग, द्रविड़ और मोहम्मद कैफ ने शतक जमाए थे। वहीं हेडिंग्ले टेस्ट में जायसवाल, गिल और पंत ने इंग्लैंड ने शतक लगाया।

बशीर की पहली बॉल पर पंत ने गिर कर चौका लगाया दूसरे दिन अपना पहला ओवर डाल रहे शोएब बशीर की पहली बॉल पर ऋषभ पंत ने गिरकर शॉट खेला और चौका लगाया। पंत ने गेंद को लेग स्लिप के ऊपर से स्कूप कर दिया और चौका जड़ दिया। शॉट खेलते-खेलते वह जमीन पर पीठ के बल गिर पड़े। इसी ओवर की पांचवीं बॉल पर पंत ने हुक शॉट खेलकर सिक्स भी लगाया। पंत की सिक्स से सेंचुरी, जंप करके सेलिब्रेट किया भारतीय पारी के 100वें ओवर की पहली बॉल पंत ने बशीर को सिक्स लगाकर शतक पूरा किया। बशीर की ओवरपिच बॉल पर पंत आगे बढ़े, बल्ले से एक हाथ छूट गया, लेकिन फिर भी शॉट पूरा खेला और गेंद को लॉन्ग ऑन के ऊपर से शानदार छक्के के लिए भेज दिया। इसके बाद पंत ने एक्रोबेटिक तरीके से जंप लगाकर सेंचुरी सेलिब्रेट की। जेमी स्मिथ ने पंत की स्टंपिंग छोड़ी 104वें ओवर की दूसरी बॉल पर ऋषभ पंत को विकेटकीपर जेमी स्मिथ ने जीवनदान दिया। शोएब बशीर ने गेंद ऑफ स्टंप के बाहर धीरे से फेंकी, पंत तेजी से आगे बढ़े और ऊपर से मारने की कोशिश की, लेकिन पूरी तरह चूक गए। उन्होंने शॉट में इतना जोर लगाया था कि उनका बल्ला हाथ से छूटकर शॉर्ट फाइन लेग की ओर उड़ गया। पंत किसी तरह भागकर क्रीज में वापस आ गए, लेकिन विकेटकीपर स्मिथ ने स्टंपिंग का आसान मौका गंवा दिया।

पोप के डाइविंग कैच से करुण नायर आउट 8 साल बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी कर रहे नायर सिर्फ चार बॉल ही खेल सके। बेन स्टोक्स की बॉल पर उनका कैच ओली पोप ने शून्य के स्कोर पर पकड़ा। स्टोक्स ने गेंद ऑफ स्टंप के बाहर फुल लेंथ पर फेंकी, नायर ने कवर के ऊपर से मारने की कोशिश की, लेकिन टाइमिंग खराब रही। गेंद सीधे शॉर्ट एक्स्ट्रा कवर पर खड़े पोप की ओर गई, जिन्होंने बाएं तरफ डाइव लगाते हुए शानदार कैच पकड़ा।

### पंत 134 रन बनाकर एलबीडब्लू आउट हुए

108वें ओवर की दूसरी बॉल पर ऋषभ पंत 134 रन बनाकर आउट हुए। जोश टंग की अंदर आती हुई गेंद को पंत ने खेलने के बजाय छोड़ दिया और गेंद सीधे पैड्स पर लगी। अंपायर ने बिना देर किए उंगली उठा दी। पंत ने रिव्यू लिया, लेकिन रिप्ले में साफ दिखा कि गेंद मिडिल स्टंप के ऊपर जाकर लग रही थी।

## बुमराह ने बनाया रूट को अपना शिकार

# 25 टेस्ट पारियों में 10वीं बार किया आउट; हेजलवुड की बराबरी की



**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट के बीच एक बार फिर प्रतिस्पर्धा देखने मिली। रूट के लिए बुमराह का सामना करना आसान नहीं होता और लीड्स के दूसरे दिन ऐसा फिर देखने मिला। दिन के खेल की समाप्ति से पहले बुमराह ने रूट को अपना शिकार बनाया और इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। रूट पहली पारी में 58 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए।

**रूट और बुमराह के बीच टेस्ट में आमने-सामने की बात करें तो 25 पारियों में बुमराह ने रूट को 570 गेंदें खिलाई हैं जिसमें रूट ने 29 के औसत से 290 रन बनाए हैं, जबकि वह 10 बार इस भारतीय तेज गेंदबाज की गेंद पर पवेलियन लौटे हैं।**

### बड़ा खतरा बन सकते थे रूट

भारत की पहली पारी 471 रन पर ऑलआउट हुई थी। इंग्लैंड ने ओली पोप के शतक और बेन डकेट के अर्धशतक की मदद से स्टंप्स तक पहली पारी में तीन विकेट पर 209 रन बनाए हैं। इंग्लैंड की टीम अभी भारत से 262 रन पीछे चल रही है। भारत ने अच्छी शुरूआत की थी और जैक क्रावली को सस्ते में आउट किया था जो चार रन बनाकर आउट हुए थे। इसके बाद पोप और डकेट ने दूसरे विकेट के लिए 122 रन जोड़े और टीम को संभाला। बुमराह ने फिर डकेट को बोल्ड किया जो 62 रन बनाकर आउट हुए। अंत में बुमराह ने जो रूट का भी विकेट लिया। बुमराह की गेंद पर रूट स्लिप में करुण नायर को कैच थमा बैठे। रूट भारत के लिए बड़ा खतरा बन सकते थे, लेकिन इससे पहले ही बुमराह ने उन्हें पवेलियन की राह दिखाई।

### टेस्ट में रूट बनाम बुमराह

बुमराह और रूट के बीच टेस्ट क्रिकेट में रोचक जंग देखने मिलती है। दोनों के बीच लाल गेंद के प्रारूप में प्रतिद्वंद्विता कड़ी रहती है, लेकिन बुमराह कई बार रूट को अपना शिकार बनाने में सफल रहे हैं। रूट और बुमराह के बीच टेस्ट में आमने-सामने की बात करें तो 25 पारियों में बुमराह ने रूट को 570 गेंदें खिलाई हैं जिसमें रूट ने 29 के औसत से 290 रन बनाए हैं, जबकि वह 10 बार इस भारतीय तेज गेंदबाज की गेंद पर पवेलियन लौटे हैं।

### बुमराह सर्वाधिक बार रूट को आउट करने वाले दूसरे गेंदबाज

बुमराह इसके साथ ही टेस्ट क्रिकेट में रूट को सर्वाधिक बार आउट करने वाले संयुक्त रूप से दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। लाल गेंद के प्रारूप में 25 पारियों में 10 बार बुमराह ने रूट को अपना शिकार बनाया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने भी 31 पारियों में रूट को इतनी ही बार आउट किया है। टेस्ट में रूट को सबसे ज्यादा बार आउट करने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस के नाम है जिन्होंने 31 पारियों में 11 बार इस इंग्लिश बल्लेबाज को पवेलियन की राह दिखाई है।

# सेशेल्स नेशनल डे टूर्नामेंट में भारत का शानदार प्रदर्शन, छह मुक्केबाज फाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजों ने सेशेल्स नेशनल डे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। भारत के छह मुक्केबाजों ने इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। कजाखस्तान में एलोरडा कप में खेल चुके उत्तर प्रदेश के आदित्य प्रताप (65 किलो) ने तीसरे दौर में स्थानीय मुक्केबाज जोवानी बूजिन को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने (आरएससी) पर हराया। राष्ट्रीय संयुक्त फाइनल्स में रजत पदक विजेता नीरज (75 किलो) ने आरएससी पर दूसरे दौर में जीत दर्ज की। बेलग्रेड मुक्केबाजी चैंपियन रहे और एलीट राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता हरियाणा के हिमांशु शर्मा (50 किलो) ने मॉरीशस के मथियू एस को 4-1 से हराया। उत्तर प्रदेश के आशीष एम ने 55 किलो वर्ग में मॉरीशस के गुइलॉमी फ्रांसिस को 4-1 से मात दी। राष्ट्रीय संयुक्त चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता हरियाणा के अनमोल (60 किलो) ने सेशेल्स के डारियो गैब्रियेल को 4-1 से हराया। कार्तिक दलाल (70 किलो) को दक्षिण अफ्रीका के ब्लेसिंग एनजियाना ने 4-1 से शिकस्त दी। एलोरडा कप 2024 के कांस्य पदक विजेता और राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण जीत चुके गौरव चौहान को 90 प्लस वर्ग में सीधे फाइनल में प्रवेश मिला है।

# बेल्जियम की चुनौती से पार नहीं पा सकी भारतीय पुरुष हॉकी टीम, लगातार सातवीं हार का करना पड़ा सामना

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन बेल्जियम के खिलाफ भी जारी रहा है। भारत को एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में बेल्जियम के हाथों 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। यह भारतीय टीम की लगातार सातवीं हार है। भारत को मैच में नौ और बेल्जियम को छह पेनल्टी कॉर्नर मिले। प्रो लीग के यूरोप चरण में अभी तक एक भी जीत नहीं मिलने के बाद भारत का अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने का सपना टूट गया है।



आर्थर वान डोरेन ने पहले ही मिनट में गोल करके दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम को बढ़त दिला दी। इसके बाद 28वें मिनट में अलेक्जेंडर हेंडरिक्स ने एक और गोल करके यह बढ़त 2-0 की कर दी। दिलप्रीत सिंह ने 36वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर भारत के लिए पहला गोल किया और 38वें मिनट में मनदीप सिंह के फील्ड गोल पर भारत ने बराबरी की। भारत का डिफेंस लेकिन चौथे और आखिरी क्वार्टर में चरमरा गया जब बेल्जियम के लिए रोमन डुवेकोट (49वां), थिब्यू स्टोकब्रोएक्स (53वां) और वान डोरेन (54वां) ने मैदानी गोल करके स्कोर 5-2 कर दिया। अमित रोहिदास ने 56वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर भारत के लिए तीसरा गोल किया लेकिन इसके तीन मिनट बाद टॉम बून ने बेल्जियम के लिये एक और गोल दागा।

भारत नौ टीमों की तालिका में अब 15 अंक लेकर आठवें स्थान पर है। भारत ने पांच मैच जीते और 10 हारे हैं। भारत को इस चरण के आखिरी मैच में रविवार को बेल्जियम से ही खेलना है।

# एसईएनए देशों में सर्वाधिक विकेट लेने वाले एशियाई गेंदबाज बने जसप्रीत बुमराह



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया। बुमराह ने दूसरे दिन के खेल की समाप्ति तक तीन विकेट लिए और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली। बुमराह भारतीय टीम के अनुभवी गेंदबाज हैं और तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ हैं। बुमराह ने इस मैच की पहली पारी में अपना दम दिखाया है और ओली पोप तथा बेन डकेट की साझेदारी के बीच यह भारतीय तेज गेंदबाज अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रहा।

### अब तक तीनों विकेट बुमराह के नाम

भारत की पहली पारी 471 रन पर ऑलआउट हुई थी। इंग्लैंड ने ओली पोप के शतक और बेन डकेट के अर्धशतक की मदद से स्टंप्स तक पहली पारी में तीन विकेट पर 209 रन बनाए हैं। इंग्लैंड की टीम अभी भारत से 262 रन पीछे चल रही है। दिन के खेल की समाप्ति तक पोप 100 और हैरी ब्रूक बिना खाता खोले क्रीज पर मौजूद थे। भारत के लिए पहली पारी में अब तक तीनों विकेट तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने झटके हैं।

इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी और जसप्रीत बुमराह ने जैक क्रावले को सस्ते में आउट किया था। इसके बाद भारत ने कुछ मौके गंवाए जिससे इंग्लैंड को संभलने का मौका मिला। भारत के सबसे बेहतरीन फील्डिरों में से एक रवींद्र जडेजा ने 15 रन के स्कोर पर बेन डकेट का कैच छोड़ा था जिसका इस इंग्लिश बल्लेबाज ने बखूबी फायदा उठाया। डकेट ने ओली पोप के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 122 रन जोड़े। बुमराह ने क्रावले के अलावा डकेट और जो रूट को भी आउट किया।

### बूम-बूम बुमराह का जलवा

इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में बुमराह की भूमिका अहम रहने वाली है और उन्होंने पहले मैच में यह साबित भी किया है। लीड्स में बूम-बूम बुमराह का जलवा देखने मिला और उन्होंने इसके साथ ही बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। बुमराह सेना देशों यानी दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में सर्वाधिक विकेट लेने वाले एशियाई गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज वसीम अकरम को पीछे छोड़ दिया है। बुमराह के सेना देशों में अब 147 विकेट हैं, जबकि इन देशों में अकरम ने 146 विकेट लिए हैं। वहीं, भारत के पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले 141 विकेट के साथ तीसरे और तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा 130 विकेटों के साथ सूची में चौथे स्थान पर हैं।

# सिरमौर: कबड्डी में लड़कियों के वर्ग में स्टेट हॉस्टल बिलासपुर बना चैंपियन



**बिलासपुर।** पहली अंडर-18 राज्य स्तरी कबड्डी प्रतियोगिता में लड़कियों के वर्ग में स्टेट हॉस्टल बिलासपुर चैंपियन बना। शनिवार को सिरमौर जिले के चंबा मैदान के इंडोर स्टेडियम में आयोजित फाइनल मुकाबले में बिलासपुर ने खेलो इंडिया सेंटर राजपुरा को 23 पाइंट से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। बिलासपुर ने शुरू से ही राजपुरा की टीम पर बढ़त बनाए रखी। पहले हाफ में 20-11 और दूसरे में 24-10 का स्कोर रहा। बिलासपुर की टीम ने 23 पाइंट के अंतर से जीत दर्ज कर राज्य चैंपियन का तमगा हासिल किया। इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में खेलो इंडिया राजपुरा ने हमीरपुर को 39-15 और स्टेट हॉस्टल बिलासपुर ने सिरमौर ब्लू को 44-33 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

जिला सिरमौर कबड्डी संघ के अध्यक्ष कुलदीप राणा ने बताया कि पुरुष वर्ग के मुकाबले रविवार को होंगे। पुलिस अधीक्षक सिरमौर विजेताओं को सम्मानित करेंगे। अव्वल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। इससे पहले दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और नशे से दूर रहने की अपील की। इस मौके पर कबड्डी संघ के महासचिव कृष्ण लाल, तकनीकी हेड डॉ. गोपाल दास्टा, प्रदेश सचिव प्रेम ठाकुर, जिला महासचिव ग्यार सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सेराज के दो गोल से चैंपियन बनी शिवपुर की टीम, आठ गोल कर सुजीत बने बेस्ट स्कोरर

**नई दिल्ली।** छावनी परिषद फाइव ए साइड रात्रिकालीन हॉकी प्रतियोगिता शुक्रवार देर रात समाप्त हो गई। फाइनल मैच विवेक एकेडमी शिवपुर की टीम ने झांसी छात्रावास को दो गोल से हराकर ट्रॉफी अपने नाम किया। झांसी छात्रावास की टीम उपविजेता बनी। मैच शुरू होते ही दोनों टीम के खिलाड़ियों ने मैन टू मैन मार्किंग के साथ छोटे-छोटे पास से खेलना शुरू किया। दोनों टीमों ने तेज खेल दिखाया। पहला हाफ गोल रहित बराबरी पर छूटा। मैच के सभी छह गोल दूसरे हाफ में हुए। विजेता टीम की ओर से सेराज ने लगातार दो गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। पटल वार कर झांसी छात्रावास के पवन ने दो गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया।

इसके बाद मैच समाप्त होने से सात मिनट पहले पंकज ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई और तीन मिनट पहले सुजीत ने गोल कर टीम का स्कोर 4-2 कर अजेय बना दिया। 6 गोल करने वाले विवेक एकेडमी के सुजीत को बेस्ट स्कोरर का पुरस्कार मिला।



पूरे टूनार्मेंट में सुजीत ने 8 गोल कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार झांसी छात्रावास के शुभांकर को दिया गया। इससे पूर्व खेले गए 40+ प्लस हॉकी का खिताब कैंट स्टार हॉकी क्लब ने बीएलडब्ल्यू हराकर जीता। मुख्य अतिथि कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। संचालन वाहिद खान, धन्यवाद ज्ञापन आनंद श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर अनिल शर्मा, कमर अली, फहीम अहमद खान मौजूद रहे।

प्रादेशिक जूनियर अंडर-18 रग्बी प्रतियोगिता सीतापुर में खेली जाएगी। जिले की टीम शनिवार दोपहर बाद पहुंची और मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में अभ्यास किया। प्रादेशिक रग्बी 22 से 23 जून तक खेली जाएगी। जिला रग्बी फुटबाल संघ के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने बताया कि टीम में कोमल गुप्ता, पायल यादव, करीना प्रजापति, सृष्टि पटेल, रोशनी, प्रियांशी सिंह, छवि, साक्षी राय, आरुषि गुप्ता, काजल यादव, श्रेया पाल और काजल चौहान का चयन किया गया है। टीम के साथ अवनीश पाल गए हैं।



### लंबी कूद में पदक के लिए रोज कर रहे अभ्यास

प्रतापगढ़ के मोहम्मद उजैफा काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एंफीथियेटर में रोज सात घंटे अभ्यास करते हैं। 2023 में बच्छाव में इनामी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सफल होने पर उन्हें साइकिल मिली थी। उजैफा के प्रशिक्षक विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के सहायक निदेशक डॉ. खुर्शीद अंसारी ने बताया कि खिलाड़ी ओलंपिक में हिस्सा लेने की तैयारी कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार प्रशिक्षण दे रहे हैं। 2023 से छह मुकाबले खेले और चार में पदक हासिल किया। लंबीकूद में उसका 6.90 बेस्ट रहा है। 2024 में अंडर-17 की प्रादेशिक प्रतियोगिता लखनऊ में हिस्सा लिया, लेकिन पांचवां स्थान मिला।

योग ओलंपियाड में आदित्यवर्धन ने जीता स्वर्ण

कन्याकुमारी में राष्ट्रीय योग ओलंपियाड में बंगाली टोला इंटर कॉलेज में 9वीं के छात्र आदित्यवर्धन शुक्ल ने यूपी टीम का प्रतिनिधित्व किया। वापस लौटने पर राष्ट्रीय खिलाड़ी का सम्मान प्रधानाचार्य ने किया। खेल शिक्षक मेजर विमल कुमार राव ने बताया कि शिवाला के हनुमान घाट निवासी आदित्यवर्धन ने स्वर्ण पदक जीतकर मान बढ़ाया है। ओलंपियाड राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली की ओर से 13 से 18 जून तक विवेकानंद केंद्र में हुआ था। प्रधानाचार्य डॉ. बृजेश मणि पांडेय, योग आचार्य कमल भट्टाचार्य ने बधाई दी।



खेलो को बढ़ावा और खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए शिक्षक खेल सम्मान से विमल राव को सम्मानित किया गया है। विमल राव बंगाली टोला इंटरमीडिएट इंटर कॉलेज में शारीरिक शिक्षक पद पर हैं। सीएम की ओर से पुरस्कृत होने का श्रेय उन्होंने बाबा काशी विश्वनाथ को दिया है। प्रबंधक अशोक कांत चक्रवर्ती सहित सभी शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी हैं।

खेलों में लगातार बेहतर प्रदर्शन करने में मांसपेशियों को काम करना पड़ता है। इसका ट्रीटमेंट ठीक से नहीं किया जाए तो प्रदर्शन गिरने लगता है। मांसपेशियों में तनाव खेल को प्रभावित करते हैं। राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला से प्रशिक्षित शाहिद ने शनिवार को बताया कि ऑयल मसाज और कपिंग थेरेपी मांसपेशियों के तनाव में मददगार होती है। मसल्स इंजरी से बचने के लिए खिलाड़ी को वॉर्मअप करने के बाद ही मैदान पर उतरना चाहिए। पवनीफाई चेस एकेडमी की ओर से जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता रविवार को ककरमत्ता फ्लाईओवर के टीडब्ल्यूए एकेडमी में खेली जाएगी। एक दिवसीय प्रतियोगिता के लिए 209 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। आयोजन सचिव ब्रजभूषण यादव ने बताया कि अंडर-17, अंडर-13 और अंडर-11 की प्रतियोगिता होगी।

एथलेटिक्स टीम रवाना

यूपी की अंडर-20 एथलेटिक्स टीम में शामिल काशी के 15 खिलाड़ी शनिवार देर रात प्रयागराज के लिए रवाना हुए। कोच चंद्रभान यादव ने बताया कि अंडर-20 राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता प्रयागराज के महामना मालवीय स्टेडियम में 22 से 24 जून तक खेली जाएगी। स्टीपल चेज के अलावा, वॉक रेस और दौड़ प्रतियोगिता में सिगरा स्टेडियम के नौ खिलाड़ी और साई बीएचयू सेंटर के छह खिलाड़ी खेलेंगे। अजीत, अभिषेक यादव, आनंद यादव, विशाल प्रतिभा दिखाएंगे।

आगामी शैक्षणिक सत्र में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में 31 खेलों में पांच प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी काशी करेगी। जिले में विद्यालयीय खेल के आयोजन के लिए अगले सप्ताह समिति गठित होगी। यह समिति जिला, मंडल और प्रदेश स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन की रणनीति तैयार करेगी, जिससे जिले के खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।


# सजी कवियों और शायरों की महफिल, श्रोताओं ने घंटों लिया आनंद








**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शनिवार को कविनगर रामलीला मंदिर स्थित जानकी सभागार में कवियों और शायरों की एक ऐसा शाम सजी, जिसमें श्रोता कविता और शायरी में गोता लगाते रहे। गाजियाबाद में ऐसी शाम काफी समय बाद देखने को मिली जब देश के तमाम नामी कवि और शायरों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद अतुल गर्ग ने की। मुख्य अतिथि के रूप में नेशनल हाईवे ऑथिरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष यादव ने शिरकत की।











कवि राहुल शर्मा ने कुछ यूं अपनी रचना पढी -'अगर लिखोगे वसीयत अपनी तो जान पाओगे ये हकीकत, तुम्हारी अपनी ही मिल्कियत में तुम्हारा हिस्सा कहीं नहीं है।'

गाजियाबाद के कवि व वरिष्ठ पत्रकार राज कौशिक ने जब अपनी यह रचना सुनाई -'अब बाजार में नकली सिक्के जमकर चलते हैं, असली सिक्कों की मत पूछो, थम कर चलते हैं, चौराहे पर कत्ल हुआ है कौन सजा पाए, अब तो कातिल भी आंखों को नम कर चलते हैं।' तो महफिल में तालियां गूंजने लगी।

मशहूर शायर डॉ नवाज देवबंदी ने कुछ इस अंदाज से महफिल सजाई - 'तेरे आने की जब खबर महके, तेरी खुशबू से सारा घर महके, शाम महके तिरे तसव्वुर से, शाम के बाद फिर सहर महके, रात भर सोचता रहा तुझ को, जेहन-ओ-दिल मेरे रात भर महके।'

शायर अजहर इकबाल ने अपनी शायरी के जरिए अपनी बात कही - 'घुटन सी होने लगी उस के पास जाते हुए, मैं खुद से रूठ गया हूँ उसे मनाते हुए, ये जख़्म जख़्म मनाज़िर लहू लहू चेहरे, कहाँ चले गए वो लोग हँसते गाते हुए।'

हिमांशी बाबरा की इस रचना पर उन्हें खूब दाद मिली -'मेरी दुनिया उजड़ गई इसमें, तुम इसे हादसा समझते हो, आखिरी रास्ता तो बाकी है, आखिरी रास्ता समझते हो?'

मशहूर शायर व कवि विजेंद्र सिंह परवाज ने अपने अलग अंदाज में कुछ यूं बयां किया- 'ये जिंदगी भी कैसे बहाने में कट गई, जैसा नहीं हूं वैसा दिखाने में कट गई।'

गार्गी कौशिक ने भी महफिल में अपनी रचना से रंग भर दिया -'तुमने कैसा, सवाल रक्खा है, जिसने उलझन में, डाल रक्खा है, सिर्फ तुम ही, नहीं हो शैदाई, रोग हमने भी, पाल रक्खा है।'

मशहूर शायर अंदाज देहलवी के अंदाज निराले थे -'तेरी मेरी यही एक पहचान है, मैं तेरी जान हूं, तू मेरी जान है, क्या मेरी झोंपड़ी क्या ये तेरा महल, मैं भी मेहमान हूं, तू भी मेहमान है।'

कवि सम्मेलन में पूर्व मेयर आशु वर्मा, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, वरिष्ठ भाजपा नेता पृथ्वी सिंह कसाना मौजूद रहे। सम्मेलन का संचालन कवि व वरिष्ठ पत्रकार राज कौशिक ने की।

# तपती धूप से बचाव के लिए नगर निगम ने सड़कों पर लगाए ग्रीन नेट

## सांसद अतुल गर्ग ने मेयर, नगर निगम कमिश्नर, पार्षद सहित सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर के सभी प्रमुख चौराहा पर ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए लाइटें लगी हुई हैं। बहुत बार अपनी लाइन को खुलने के लिए दोपहिया वाहन को बहुत देर तक इंतजार करना पड़ता है।



तपती इस घूप और गर्मी में सड़क पर इंतजार करना मानो सजा के बराबर है। इसी राहत के लिए निगम द्वारा प्रमुख चोहराओं पर ग्रीन जाली लगाई गई है। सांसद अतुल गर्ग ने महापौर, नगर निगम कमिश्नर, पार्षद सहित सभी अधिकारियों का आभार प्रकट किया और कहा कि गाजियाबाद के नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस तपती धूप से बचाव के लिए नगर निगम गाजियाबाद द्वारा चौराहों और लालबत्ती पर हरे शेड (ग्रीन नेट) लगाए जाने के लिए मैं मेयर, नगर निगम कमिश्नर समेत सभी अधिकारियों का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। यह पहल निस्संदेह हमारे नागरिकों के जीवन को और अधिक सुविधाजनक व आरामदायक बनाएगी।

# आर्य समाज मकरेड़ा का 65वां स्थापना दिवस मनाया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पंचायत घर मकरेड़ा में रविवार को आर्य समाज मकरेड़ा का 65वां स्थापना दिवस संसार के सर्वश्रेष्ठ कार्य यज्ञ के द्वारा मनाया गया। यज्ञ के ब्रह्मा प्रवीण आर्य ने अपने वक्तव्य में लोगो से यज्ञ से जुड़ने का आह्वान किया। बिना यज्ञ के जीवन अधूरा है। यज्ञ के यजमान हरीश आर्य ने ईश्वर भक्ति भजन के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। हरबीर खारी ने लोक गीत के माध्यम से प्राचीन गुरुकुलीय प्रणाली का वर्णन करते हुए लोगो से गुरुकुलीय शिक्षा से बच्चों को जुड़ने का आह्वान किया कि हमारे बच्चे तभी संस्कारवान बनेंगे। कृष्णदेव आर्य ने मंच का कुशल संचालन करते हुए कहा कि अग्निहोत्र एक विज्ञान है, इससे जुड़कर पर्यावरण को स्वच्छ रखरकर नाना प्रकार की बीमारियों से भी मुक्ति पा सकते हैं। अतः संसार के प्रत्येक प्राणी को यज्ञ करना चाहिए। ये हमारी वैदिक ऋषि परंपरा है। आर्य समाज एक ऐसी विचार धारा है जो सत्य को सत्य और असत्य को असत्य कहने पर तर्क के साथ बल देती है। इस अवसर पर यज्ञपाल वर्मा, राजसिंह शर्मा, कालू शर्मा, बृजपाल सिंह, रणधीर सिंह, रतन सिंह, धर्मपाल सिंह, जसवीर सिंह, जितेंद्र खारी, ललित खारी, योगेन्द्र, श्यामे, मुकेश, कैलाशचंद, दयाराम आदि मौजूद रहे।

# 24 को मॉक पार्लियामेंट के जरिए भाजयुमो बताएगा आपातकाल की त्रासदी

## तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष ने की शिरकत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा युवा मोर्चा की ओर से 27 जून को मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया जाएगा। एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में आयोजित होने वाले मॉक पार्लियामेंट के जरिए वर्ष 1975 में लगे आपातकाल की त्रासदी को बताया जाएगा। यह मॉक पार्लियामेंट संसद की तरह लगेगी साथ ही पक्ष और विपक्ष के बीच आपातकाल को लेकर बहस करेगी।

वहीं सदन की तरह लोकसभा अध्यक्ष और उप लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका को प्रबुद्धजन निभाएंगे। भाजयुमो महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने मॉक पार्लियामेंट को लेकर पार्टी कार्यालय में बैठक करके पूरी रणनीति




तैयार की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो सोनू वाल्मीकि ने बताया कि आपातकाल में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नागरिकों के मौलिक, संवैधानिक अधिकारों का हनन करके निदोर्षों को जेल में डलवाया था। उन्होंने कहा कि मॉक पार्लियामेंट में युवा कार्यकर्ता होंगे जो पक्ष और विपक्ष की भूमिका में रहेंगे। मॉक पार्लियामेंट में सांसद भूमिका निभाने वाले सत्ता पक्ष के सांसद विपक्षी सांसदों के तर्कों का विरोध करेंगे। एक तरह से संसद की तरह इसका आयोजन होगा ताकि युवाओं को आपातकाल की त्रासदी की सच्चाई बताई जा सके।

बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में महानगर अध्यक्ष भाजपा मयंक गोयल ने बताया कि संविधान की हत्या करने का हुआ था। वर्ष 1975 में कांग्रेस ने लोकतंत्र और संविधान की हत्या करने का कुत्सित प्रयास किया था।

बैठक में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय महामंत्री अनुज कश्यप, क्षेत्रीय मंत्री काजल त्यागी, महानगर उपाध्यक्ष राम त्यागी, मोनू त्यागी, आशीष चौधरी, महानगर महामंत्री नितिन शर्मा, संदीप चौधरी, महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी, महानगर मंत्री दीपक शर्मा, रोबिन तोमर, पुष्पेंद्र गुप्ता, पंकज लड्डू, अनुज कसाना, कपिल मावी, रॉबिन भड़ाना, सोनू चौधरी, आशु गुर्जर सूरत सेन विपिन यादव मोहित ठाकुर राहुल भाटी एवं अन्य कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद नगर निगम में वर्षों से तैनात अधिकारियों को लेकर मांगी जानकारी

## उजागर फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवानी जैन ने आरटीआई के तहत मांगी सूचना

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उजागर फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवानी जैन ने बताया की नगर निगम गाजियाबाद में वर्षो जमे रहने वाले अनेकों अधिकारी है। उन्होंने



बताया की नगर निगम में तैनात चीफ इंजिनियर नरेंद्र चौधरी नगर निगम में न्युक्ति से पूर्व जी.डी.ए. में तैनात रह चुके है। नगर स्वास्थ अधिकारी मिथलेश कुमार का महिनों पूर्व नगर निगम से स्थातरण हो चुका है लेकिन इसके बाद भी वो नगर निगम छोड़ना नही चाहते, ठीक इसी प्रकार एक्सईएन देशराज, अवर अभियंता राजेंद्र कुमार, नागेंद्र शर्मा व राजकुमार आस कुमार वर्षों से नगर निगम में तैनात है। उन्होंने कहा की जब शासन से स्थातरण नीति तय है तो ये अधिकारी किस मजबूरी के तहत नगर निगम में जमे बैठे है। शिवानी ने कहा की वैसे तो शहर हित में शहर के जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए था लेकिन शायद अतिव्यस्थाता के चलते जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर नही गया होगा। इसलिए उजागर फाउंडेशन ने इसकी जिम्मेदारी उठायी है। नगर निगम व शासन से सूचना प्राप्त होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में विषय को लाया जायेगा।




# कौन थ्री-स्टार लेगा अब एकेडमी में क्लास

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में थ्री-स्टार हैं। तो कुछ आते-जाते रहते हैं। अब जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लंबी पारी खेलने वाले एक थ्री-स्टार अब मुरादाबाद में अपनी नई पारी शुरु कर चुके हैं। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि सिटी के सबसे खास और अटेंशन वाले थाने के थ्री-स्टार थे तो अब एकेडमी में ट्रेनिंग पर आए नए पुलिसकर्मियों को पढ़ाने का काम करेंगे। वह गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट से पीतल वाली नगरी चले गए हैं। वहां जाकर वह पुलिस की नौकरी में आने वाले नए कर्मियों को अनुशासन का पाठ पढ़ने से लेकर कई अन्य तरीके के सब्जेक्ट पढ़ाएंगे। तो उनको किस प्रकार से खुद को ढालना है, इसकी भी सीख देंगे। वह थ्री-स्टार वाले थाने में इंस्पेक्टर क्राइम की जिम्मेदारी संभालते



रहे हैं। तो कई प्रमुख मामलों के जांच अधिकारी भी रहे हैं। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सबसे टेंशन वाले थाने में लंबे समय तक थ्री-स्टार रहे, इन साहब ने कई बेहद महत्वपूर्ण मामलों की विवेचना की है। तो एक ऐसे कैसे में भी इनका इंवॉल्वमेंट रहा, जो मामला नेशनल न्यूज बना था। उस मामले में लखनऊ वाले साहब व सूबे वाले महाराज तक नजरें रखते थे। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि थ्री-स्टार कई हाई- प्रोफाइल मामलों की केस डायरी इन्हीं के द्वारा लिखी गई है। जिसमें आरोपियों को सजा से लेकर जेल तक हुई है। थाने में अपने अलग अंदाज और व्यवहार के लिए जाने जाने वाले थ्री- स्टार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से एकाडमी में क्लास लेने चले गए हैं। अब सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सबसे अटेंशन और टेंशन वाले थाने में थ्री- स्टार की भी पोस्टिंग होगी। देखना होगा कि इस थाने में किस थ्री- स्टार को पोस्टिंग मिलती है और उनका वर्किंग स्टाइल कैसा रहा है। बता दें कि इस थाने के जो भी थ्री-स्टार अन्य जगह जाते हैं या तो वह चार्ज पाते हैं। यह वह खास स्थान पर जाते हैं। सूत्र बताते हैं कि इस थाने से जुड़े कई थ्री-स्टार या तो प्रभारी हैं या वह महत्वपूर्ण भूमिका वाली ड्यूटी निभा रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सैकड़ो की संख्या में थ्री-स्टार हैं, पर कुछ ही हैं जो अपना नाम और काम दोनों जमा कर रखते हैं। वैसे कहा जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से जाने वाले यह थ्री- स्टार उसी में से एक रहे हैं।

# 25 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में घायल



## - गैंगस्टर एक्ट में था वांछित, अवैध हथियार और बाइक बरामद

**हापुड़ करंट क्राइम।** थाना सिम्भावली पुलिस ने चेकिंग के दौरान 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश शहजाद सैफी को मुठभेड़ में पकड़ा है। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसके पास से अवैध हथियार, कारतूस और अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है।

सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि देर रात पुलिस चेकिंग कर रही थी। एक बाइक सवार को रोकने पर उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश घायल हुआ और गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम शहजाद सैफी बताया। वह मेरठ के समर गार्डन कॉलोनी, खुशहाल नगर का रहने वाला है। हापुड़ के थाना गढ़मुक्तेश्वर में गैंगस्टर एक्ट के तहत वह वांछित था। शहजाद पर हापुड़ और बुलंदशहर में चोरी, हत्या का प्रयास समेत करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सीओ वरुण मिश्रा के मुताबिक बरामद सामान के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। बदमाश के अपराधिक नेटवर्क का पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है।

# एनकाउंटर में गोली लगने के बाद बोला लुटेरा


# अब कभी नहीं आऊंगा गाजियाबाद





"विजयनगर फ्लाईओवर कट चौकी क्षेत्र नया बस अड्डा पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक बाइक सवार युवक साई उपवन की ओर से आया जिसको रूकने का इशारा किया तो साई उपवन के कच्चे रास्ते पर बाइक से भागने का प्रयास किया गया। जिसके द्वारा पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया।पुलिस ने थोड़ा कट अपराधी के पैर में गोली मारी। गोली लगने से वह घायल हो गया। जिसे घायल अवस्था में मौके से गिरफ्तार किया गया है। जिसने अपना नाम राहुल पुत्र लीलू कश्यप निवासी शंकर विहार थाना बादलपुर गौतमबुद्धनगर है। दिल्ली से लूट के 3100 रुपए व चोरी की एक बाइक भी बरामद हुई है। – एसीपी रितेश त्रिपाठी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में कोतवाली पुलिस ने रात एनकाउंटर में एक लुटेरे के पैर में गोली मारी है। जिसके पास से एक तमंचा और चोरी की बाइक बरामद की गई है। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया



गया है। एनकाउंटर में घायल राहुल ने रोते हुए कहा कि बाबूजी कभी गाजियाबाद नहीं आऊंगा, बाबूजी गलती हो गई। आज के बाद कभी गाजियाबाद नहीं आऊंगा। इसकी एक वीडियो भी सामने आई है, जब घायल को पुलिस ले जा रही है तब रोते हुए बाबूजी- बाबूजी कर रहा है। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि राहुल नोएडा का रहने वाला है। जिस पर गाजियाबाद नोएडा दिल्ली में मुकदमे दर्ज हैं जो लगातार चोरी वह लूट की वारदात कर रहा था।

## वार्ड 79 में ईंटों से निर्मित क्षतिग्रस्त नाला बनेगा सीमेंटेड सीसी से

# पार्षद हरीश कड़ाकोटी ने किया नाला निर्माण का उद्घाटन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 79 के लिए एक और उपलब्धि का दिन रहा रविवार। जीडीए द्वारा निर्मित सालों से ईंटों से बना नाला जो कई जगह क्षतिग्रस्त हो चुका था अब यह नाला सीमेंटेड सीसी द्वारा बनाया जा रहा है। गौर ग्रीन विस्ता से पत्रकार बिहार एक अग्रवाल स्वीट्स से सनी चौक और विधायक कॉलोनी से आगे को दोनों तरफ नाला निर्माण का विधिवत उद्घाटन पार्षद हरीश कड़ाकोटी द्वारा वार्ड 79 के निवासियों के साथ मिलकर नारियल फोड़ कर किया गया। सभी निवासियों ने खुशी जताई और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई थी। उद्घाटन के शुभ अवसर पर स्थानीय पार्षद के अलावा राम सिंह बिष्ट, सुरेंद्र सिंह नेगी, श्याम सिंह कन्याल, बालम सिंह रावत,



आदित्य कश्यप, हरीश बेलवाल, जगदीश कड़ाकोटी, विनोद सिंह बिष्ट, नंदकिशोर, लक्ष्मण बंगारी, ललित रौतेला, दिनेश गोला, मदन सिंह, किशन भंडारी, एन डी पालीवाल, सतीश रावत, के अलावा कई लोग मौजूद रहे। सभी ने महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का और नगर निगम इंजीनियरिंग टीम का बहुत-बहुत धन्यवाद किया क्योंकि यहां पर जल भराव की स्थिति काफी होती थी अब आने वाले समय में वह समस्या दूर हो जाएगी।

# योग एवं फिटनेस ट्रेनर आद्या शर्मा ने पुलिस कर्मियों को कराया योग








**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को गाजियाबाद में बड़ी संख्या में योग को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। तो वहीं एसीपी रितेश त्रिपाठी की पत्नी एवं योग व जिम ट्रेनर आद्या शर्मा द्वारा पुलिस कर्मियों को योग के फायदे और उनकी बारीकियां बताई गई। इस दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में पहुंचे पुलिसकर्मियों को रिजर्व पुलिस लाइन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में योग के अलग-अलग आसान और प्राणायाम करवाए। योग एवं फिटनेस ट्रेनर आद्या शर्मा का कहना है कि रोज योग करने से जहां शारीरिक बीमारियां दूर होती हैं। तो वहीं फिटनेस बढ़ती है और हर उम्र के लोगों के लिए योग एक बेस्ट एक्सरसाइज है।

# ऑपरेशन मिडनाइट हैमर: 125 फाइटर जेट, 14 बंकर-बस्टर बम अमेरिका ने 25 मिनट में तबाह किए ईरान के परमाणु ठिकाने

**वॉशिंगटन।** संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने रविवार को बताया कि यह हमला ईरान के दो प्रमुख परमाणु केंद्रों- फोर्दो और नतांज- पर किया गया। इसके साथ ही इस्फहान शहर में भी मिसाइलें दागी गईं। जनरल डैन केन ने कहा, 'हमने ईरान के उन ठिकानों को निशाना बनाया जो सीधे उनके परमाणु कार्यक्रम से जुड़े थे। ऑपरेशन को इस तरह अंजाम दिया गया कि आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे।




**अमेरिका ने रविवार को तड़के सुबह ईरान के खिलाफ एक बेहद गुप्त और बड़ी सैन्य कार्रवाई की। इस ऑपरेशन का नाम 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' रखा गया है। पेंटागन के मुताबिक, इस ऑपरेशन में अमेरिका के 125 से ज्यादा लड़ाकू विमान और मिसाइलें शामिल थीं**

125 से ज्यादा अमेरिकी विमान शामिल- इनमें बमवर्षक, फाइटर जेट, टैंकर (तेल भरने वाले विमान), और जासूसी विमान शामिल थे। इसमें बी-2 स्टील्थ बमवर्षक विमानों का इस्तेमाल हुआ, जो मिसौरी से उड़कर आए थे। हर बमवर्षक ने 30,000 पाउंड वजन के खास बम गिराए, बंकर-बस्टर बम के तौर पर जाने जाते हैं। ये बम जमीन के भीतर छिपे ठिकानों को नष्ट करने में सक्षम हैं। ये हमला रात 6:40 बजे (पूर्वी समयानुसार) शुरू हुआ और सात बजे तक सभी विमान ईरानी हवाई क्षेत्र से निकल चुके थे। इस मिशन को 9/11 के बाद बी-2 बमवर्षकों की सबसे लंबी उड़ान बताया गया है। अमेरिका की सुरक्षा और पश्चिम एशिया में शांति के लिए कार्रवाई जरूरी'

रक्षा मंत्री पीट हगसेथ ने बताया कि यह कार्रवाई अमेरिका की सुरक्षा और पश्चिम एशिया में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी थी। उन्होंने कहा, 'अगर ईरान शांति का रास्ता नहीं अपनाता, तो अमेरिका आगे भी सख्त कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा।' इससे पहले, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस से एक बयान में कहा कि 'हमने ईरान के परमाणु ठिकानों को पूरी तरह तबाह कर दिया है। अगर ईरान ने सुधरने की कोशिश नहीं की, तो और हमले किए जाएंगे।' ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका युद्ध नहीं चाहता, लेकिन ईरान की ओर से खतरे को नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता।

ईरानी सैनिकों या ईरानी लोगों को निशाना नहीं बनाया गया अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा, 'पिछली रात, राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश पर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान के तीन परमाणु प्रतिष्ठानों, फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर मध्य रात्रि में सटीक हमला किया, ताकि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट या गंभीर रूप से कम किया जा सके। यह एक अविश्वसनीय और जबरदस्त सफलता थी। हमारे कमांडर इन चीफ से हमें जो आदेश मिला वह केंद्रित और शक्तिशाली था।

# जेल से छूटकर घर पहुंचे महमूद खलील, गाजा में इस्राइल के खिलाफ विरोध जारी रखने का किया वादा

**कॉनकॉर्ड।** एक फलस्तीनी कार्यकर्ता महमूद खलील शनिवार (स्थानीय समयानुसार) को जेल से छूटकर अपने घर पहुंचे। उन्हें तीन महीने से अधिक समय तक हिरासत में रखा गया था। घर पहुंचने के बाद खलील ने अपने छोटे बच्चे की गाड़ी को एक हाथ से धकेला और दूसरे हाथ से हवा में मुट्ठी उठाकर विरोध का संकेत दिया।



लुइसियाना में संघीय आव्रजन केंद्र से रिहा होने के एक दिन बाद शनिवार को न्यू जर्सी के नेवार्क एयरपोर्ट पर खलील ने अपने दोस्तों से मुलाकात की और पत्रकारों से थोड़ी बातचीत की। खलील कोलंबिया विश्वविद्यालय के पूर्व स्नातक छात्र हैं, जिन्हें परिसर में विरोध प्रदर्शनों के कारण राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने हिरासत में लिया था। खलील ने घर पहुंचने के बाद कहा कि वे गाजा में इस्राइल द्वारा किए जा रहे हमलों के खिलाफ अपना विरोध जारी रखेंगे। नरसंहार को वित्तपोषित कर रही अमेरिकी सरकार खलील ने आरोप लगाया कि अमेरिका की सरकार इस नरसंहार को वित्तपोषित कर रही है और कोलंबिया विश्वविद्यालय इस नरसंहार में निवेश कर रहा है। उन्होंने कहा, 'इसलिए मैं आप सबके साथ मिलकर विरोध करना जारी रखूंगा। चाहे वे मुझे फिर से गिरफ्तार करने की धमकी दें या मारने की कोशिश करें, मैं तब भी फलस्तीन के लिए आवाज उठाऊंगा। हिरासत केंद्र में छोड़े प्रवासियों के खिलाफ भी उठाऊंगा आवाज खलील एक वैध अमेरिकी निवासी हैं। उनकी पत्नी ने उनके 104 दिनों तक जेल में रहने के दौरान एक बच्चे को जन्म दिया। खलील ने कहा कि वे उन प्रवासियों के लिए भी आवाज उठाएंगे, जिन्हें उन्होंने हिरासत केंद्र में छोड़ा है। उन्होंने कहा, 'चाहे आप नागरिक हों या प्रवासी, आप इस देश में कोई भी हों आप अवैध नहीं हैं। इससे आपकी इंसानियत कम नहीं हो जाती।

# पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी के नेताओं को राहत विरोध प्रदर्शन के मामलों में अदालत ने किया बरी

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी (पीटीआई) के नेताओं को अदालतों से बड़ी राहत मिली है। अदालतों ने विरोध प्रदर्शन से जुड़े मामलों में पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को बरी कर दिया है। जबकि एक नेता को जमानत दी है।



इस्लामाबाद की एक अदालत ने पिछले साल के दो विरोध-संबंधी मामलों में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष गौहर अली खान और विपक्ष के नेता उमर अयूब सहित पार्टी के नेताओं को शनिवार को बरी कर दिया। इस्लामाबाद के न्यायिक मजिस्ट्रेट शहजाद अहमद ने पिछले साल 26 अप्रैल को हुए विरोध प्रदर्शन से जुड़े मामलों में फैसला सुनाया।

यह विरोध प्रदर्शन पीटीआई नेता शोएब शाहीन के कार्यालय से कराची कंपनी की ओर बढ़ा, जिसमें कथित तौर पर धारा 144 और अन्य कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन किया गया। दलीलें सुनने के बाद अदालत ने बैरिस्टर गौहर, उमर अयूब, अली बुखारी, शोएब शाहीन, मलिक रफीक, आमिर डोगर, आमिर मुगल और अन्य को बरी कर दिया।

वहीं लाहौर की एक आतंकवाद निरोधी अदालत ने नौ मई, 2023 के दंगा मामले में पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को जमानत दे दी। कुरैशी के वकील ने तर्क दिया था कि पीटीआई नेता नौ मई को हमले के दिन लाहौर में मौजूद भी नहीं थे और अपनी पत्नी के साथ इलाज के लिए कराची में थे। वकील ने कहा कि 9 मई के हमलों के संबंध में कुरैशी के खिलाफ साजिश का आरोप साबित नहीं हुआ है और याचिकाकर्ता को जमानत दी जानी चाहिए।

वहीं एटीसी-कके न्यायाधीश मंजर अली गिल ने पीटीआई संस्थापक खान की गिरफ्तारी के बाद 9 मई को भड़के दंगों के दौरान शादमान पुलिस स्टेशन पर हमला मामले में फैसला सुनाया। एक अन्य न्यायाधीश ने लाहौर कोर के निकट पुलिस वाहनों को जलाने से संबंधित मामले में पीटीआई नेता की एक अन्य जमानत याचिका पर फैसला 26 जून तक के लिए टाल दिया। इससे पहले पंजाब के पूर्व राज्यपाल उमर सरफराज चीमा ने भी शादमान पुलिस स्टेशन हमला मामले में जमानत याचिका दायर की थी। पूर्व पीएम इमरान खान पर नौ मई 2023 की हिंसा के संबंध में लाहौर में कई मामले दर्ज हैं।

# अमेरिका ने कूटनीति के सभी रास्ते बंद किए ईरानी विदेश मंत्री बोले- अब पुतिन से मिलेंगे

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शनिवार को कहा कि अमेरिका की तरफ से ईरान पर किए गए ताजा हवाई हमलों के बाद अब कूटनीति का रास्ता बंद हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने अब कोई भी सीमा नहीं छोड़ी है, जिसे पार न किया हो। ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने बताया कि वह रविवार को रूस की राजधानी मॉस्को जाएंगे और वहां रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। इस बैठक में वे क्षेत्रीय हालात और अमेरिका के हमलों के बाद की रणनीति पर चर्चा करेंगे।



अमेरिका ने शुक्रवार की रात ईरान के कुछ ठिकानों पर हवाई हमले किए। इन हमलों में ईरान की रिवॉल्यूशनरी गार्ड से जुड़ी कुछ सुविधाओं को निशाना बनाया गया है। अमेरिका का कहना है कि यह कार्रवाई उनके सैनिकों पर हुए हालिया हमलों के जवाब में की गई है। लेकिन ईरान इस कार्रवाई को सीधा हमला मान रहा है और इसे 'राष्ट्रीय संप्रभुता पर हमला' बता रहा है। रूस का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 'हमारे बीच रणनीतिक साझेदारी है और हम हमेशा एक-दूसरे से परामर्श करते हैं तथा अपनी स्थिति में समन्वय करते हैं।'

विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने बयान में कहा, अमेरिकी हमलों के बाद अब कूटनीति की कोई गुंजाइश नहीं बची है। अमेरिका ने सभी सीमाएं पार कर दी हैं। अब हमारे पास जवाब देने के लिए दूसरे विकल्प ही बचे हैं।' उन्होंने अमेरिका पर यह भी आरोप लगाया कि वह क्षेत्र में तनाव फैलाना चाहता है, जिससे पूरा पश्चिम एशिया संकट में घिर जाए।

### रूस से मदद या समर्थन की उम्मीद

ईरान का रूस के साथ सैन्य और रणनीतिक सहयोग पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ा है। यह पहली बार नहीं है जब ईरान संकट की स्थिति में रूस से सलाह-मशविरा करने जा रहा है। माना जा रहा है कि पुतिन और अब्बास अराघची की बैठक में अमेरिका की सैन्य कार्रवाइयों, पश्चिम एशिया की स्थिति, और यूक्रेन युद्ध से जुड़े पहलुओं पर भी चर्चा हो सकती है।

# यूएन: मानवता ने खोले नरक के द्वार, वैश्विक संघर्ष के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की चेतावनी

**न्यूयॉर्क।** वैश्विक संघर्ष के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी है। न्यूयॉर्क में जलवायु संकट पर आयोजित शिखर सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि मानवता ने नरक के द्वार खोल दिए हैं। भयंकर गर्मी के भयानक प्रभाव हो रहे हैं। बाढ़ में फसलों को बहता देखकर किसान परेशान हैं। गर्मी से बीमारियां फैल रही हैं। गुटेरेस ने कहा कि चुनौती के पैमाने के सामने जलवायु कार्रवाई बौनी पड़ रही है। अगर कुछ नहीं बदला तो हम एक खतरनाक और अस्थिर दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं।



संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य जलवायु कार्रवाई पर महत्वाकांक्षाओं को बढ़ाना है। गुटेरेस ने कहा कि विकसित देश 2040 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करें। वायु मंडल से वह उतना ही प्रदूषण हटाएं, जितना कि वे पैदा करते हैं। उन्होंने देशों से जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए समय सीमा तय करने के लिए कहा। साथ ही निम्न और मध्यम आय वाले देशों को स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ने में मदद करने के लिए फंडिंग में बढ़ोतरी करने और जलवायु लचीलेपन उपायों में निवेश करने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि हम दशकों पीछे हैं। हमें टालमटोल, दबाव और जीवाश्म ईंधन से अरबों डॉलर कमाने के स्वार्थ के लालच में खोए समय की भरपाई करनी होगी। यूएन महासचिव के विशेष सलाहकार सेल्विन हार्ट ने कहा कि जिन देशों ने 2050 तक शुद्ध शून्य और पेरिस समझौते के तहत तापमान को 1.5 डिग्री तक कम करने की प्रतिबद्धता जताई थी, वे मौजूदा समय में जीवाश्म ईंधन लाइसेंसिंग का विस्तार कर रहे हैं।

न्यूयॉर्क में शिखर सम्मेलन ऐसे वक्त में हुआ जब दुनिया बाढ़ और आग से जूझ रही है। इसका उद्देश्य दिसंबर में दुबई में संयुक्त राष्ट्र के कॉप 28 जलवायु शिखर सम्मेलन से पहले पृथ्वी को गर्म करने वाले प्रदूषण को कम करने की दिशा में काम करना है। सम्मेलन में केवल उन देशों ने भाग लिया, जिनके पास जलवायु संकट से निपटने की ठोस योजना है। सम्मेलन में 200 देशों में से केवल 34 देशों और सात गैर सरकारी निकायों को बोलने का मौका दिया गया।

# बम की धमकी से मचा हड़कंप, रियाद डायवर्ट किया गया एअर इंडिया का विमान, सभी यात्री सुरक्षित

**रियाद।** सभी यात्री सुरक्षित साथ ही एअर इंडिया ने अपने बयान में बताया कि विमान को सुरक्षित रियाद एयरपोर्ट पर उतारा गया और पूरी सुरक्षा जांच की गई। जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया। बयान में आगे बताया कि सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारकर होटल में ठहराया गया। वहीं यात्रियों को उनके गंतव्यों तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था की जा रही है।



**एअर इंडिया की बर्मिंघम (ब्रिटेन) दिल्ली आ रही एक उड़ान को शनिवार को बम की धमकी मिलने के बाद सऊदी अरब के रियाद शहर में डायवर्ट करना पड़ा। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने रविवार को इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और सुरक्षा जांच पूरी कर ली गई है**

### सुरक्षा को लेकर कड़े कदम

देखा जाए तो एअर इंडिया के लिए बीते कुछ दिन तनावपूर्ण रहे है। कारण है कि बीते 12 जून को अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद एअर इंडिया की विमान एआई171 एक रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार 241 (एक शख्स चमत्कारिक रूप से बच गया) लोगों की मौत हो गई है।

वहीं जहां विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ वो एक मेडिकल कॉलेज का हॉस्टल था वहां और उसके आसपास मौजदू 29 से ज्यादा लोग भी इस हादसे के शिकार हुए। इस घटना के बाद से एयरलाइन ने उड़ानों में सुरक्षा जांच और सतर्कता बढ़ा दी है। एअर इंडिया ने स्वैच्छिक रूप से उड़ान-पूर्व सुरक्षा जांच को सख्त किया है।

### एयर इंडिया ने यात्रियों को दिया आश्वासन

मामले में एयरलाइन ने कहा कि वह यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। हालांकि, सुरक्षा जांच में समय लगने और अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में विभिन्न कारणों, जैसे कि मध्य पूर्व में हवाई क्षेत्र का बंद होना, यूरोप और एशिया के कई एयरपोर्ट्स पर नाइट कर्फ्यू, और बढ़ा हुआ हवाई यातायात के कारण कुछ उड़ानों में देरी या रद्द होने की स्थिति भी बनी है।

# इस्राइल समर्थित समूह की ट्रंप प्रशासन से गुहार गाजा में मदद पहुंचाने के लिए दें 30 मिलियन डॉलर

**वॉशिंगटन।** गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन के आवेदन में पहली बार इसके काम और कुछ वित्तीय जानकारी दी गई है। फाउंडेशन का कहना है कि मई के आखिर से उसने दक्षिणी गाजा में लाखों फलस्तीनियों को भोजन उपलब्ध कराया है, क्योंकि इस्राइल की नाकाबंदी और सैन्य अभियान ने गाजा में भुखमरी जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। लेकिन इसमें बड़ी परेशानी यह है कि जब लोग राहत सामग्री लेने पहुंचते हैं, तो उन पर लगभग रोज गोलियां चलती हैं और कई लोग मारे जा चुके हैं। कुछ बड़े मानवीय संगठनों ने फाउंडेशन पर यह भी आरोप लगाया है कि वह इस्राइल के साथ मिलकर हमास के खिलाफ काम कर रहा है, जो मानवीय नियमों के खिलाफ है।



**इस्राइल समर्थित समूह गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन ने गाजा में राहत सामग्री बांटने के लिए अमेरिका से करीब 30 मिलियन डॉलर की मदद मांगी है। यह मदद मांगने वाला आवेदन ट्रंप प्रशासन को दिया गया है। इस जानकारी की पुष्टि तीन अमेरिकी अधिकारियों और संगठन के दस्तावेजों से हुई है**

अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, फाउंडेशन ने वित्तपोषण का आवेदन अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी को प्रस्तुत किया था। नाम न बताने की शर्त पर अधिकारियों ने कहा कि यह एजेंसी अब अमेरिकी विदेश विभाग में मिलाई जा रही है, इसलिए यह उसके आखिरी फैसलों में से एक हो सकता है। दो अधिकारियों ने बताया कि शायद अमेरिका इस फंड को मंजूरी देने जा रहा है, लेकिन उससे पहले जांच और समीक्षा की जरूरत होती है। फाउंडेशन ने एक पत्र भी भेजा फाउंडेशन की तरफ से बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को एक पत्र भी भेजा गया, जिसमें गाजा मानवतावादी फाउंडेशन के सचिव लोइक हेंडरसन ने कहा कि वे अमेरिका के साथ साझेदारी करके गाजा में 'जान बचाने वाले अभियान' जारी रखना चाहते हैं। हालांकि, न तो विदेश विभाग और न ही हेंडरसन ने शनिवार को टिप्पणी के अनुरोधों का तुरंत जवाब दिया।

इस्राइल का आरोप- संयुक्त राष्ट्र की मदद हमास के हाथों में चली जाती है इस्राइल का कहना है कि यह फाउंडेशन एक नई राहत प्रणाली की शुरूआत है, जिससे संयुक्त राष्ट्र की भूमिका कम होगी। इस्राइल का आरोप है कि संयुक्त राष्ट्र की मदद हमास के हाथ में चली जाती है। इस्राइल की योजना यह है कि गाजा की 20 लाख आबादी को दक्षिण में केंद्रित किया जाए, ताकि बाकी हिस्सों में वह हमास के खिलाफ आसानी से लड़ सके। सहायता कार्यकर्ता डर रहे हैं कि यह योजना धीरे-धीरे गाजा से फलस्तीनियों को हटाने की कोशिश है।

# रूस के ड्रोन हमलों का ऐसे मुकाबला करेगा यूक्रेन, तैयार कर रहा इंटरसेप्टर ड्रोन

**मॉस्को।** रूस यूक्रेन के बीच जारी जंग खत्म होती नहीं दिख रही है। हालांकि दोनों शांति समझौते के लिए दोनों पक्षों से वार्ता जारी है। इस बीच, सामने आया है कि यूक्रेन अपने शहरों पर हो रहे रूसी ड्रोन हमलों को नाकाम करने के लिए इंटरसेप्टर ड्रोन के तेजी से विकास पर काम कर रहा है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर ने इसका खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी अधिकारियों ने हाल के दिनों में रूसी हमलों में ईरानी डिजाइन वाले शाहेड ड्रोनों की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी है।



जेलेंस्की ने वीडियो संबोधन में कहा, हम इंटरसेप्टर ड्रोन पर भी अलग से काम कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य शाहेड ड्रोन के खिलाफ सुरक्षा बढ़ाना है। हमारे कई घरेलू उद्योग कई प्रकार के ड्रोन बना रहे हैं। इंटरसेप्टर ड्रोन के उत्पादन में भी तेजी आई है। उन्होंने कहा कि शत्रु ज्यादा से ज्यादा शाहेद ड्रोन का इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे में हम अलग तकनीक की तलाश कर रहे हैं।

इससे पहले वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनात ने इस हफ्ते यूक्रेनी मीडिया को बताया था कि ड्रोन वायु रक्षा हमें अपने साधनों का तर्कसंगत तरीके से उपयोग करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, हम दुश्मन के ड्रोनों का पीछा करने के लिए लगातार दुर्लभ वायु और विमान भेदी निर्दिष्ट मिसाइलों और विमान का उपयोग नहीं कर सकते। बता दें कि रूसी सेना एक ही रात में 400 से अधिक ड्रोन हमले कर रही है। इस हफ्ते कीव पर संयुक्त हमले में 440 ड्रोन व 32 मिसाइलें दागी गईं। इन हमलों में अपार्टमेंट का एक हिस्सा ढह गया था, जिसमें 28 लोग मारे गए थे। रूस ने अपने ही 20 मृत सिपाहियों के शव यूक्रेन को सौंप दिए यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि हालिया अदला-बदली के दौरान रूस ने अपने ही 20 मृत सिपाहियों के शव यूक्रेन को सौंप दिए।

# मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास धर्मपाल सिंह ने की गौआश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक

## किसान समृद्धि योजना के तहत सरकार दो सौ गायें पालने पर दो करोड़ की अनुदान राशि देगी : धर्मपाल सिंह





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन उत्तर प्रदेश धर्मपाल सिंह ने रविवार को जिला मुख्यालय परिसर स्थित विकास भवन में आधा दर्जन विभागों पशुधन विभाग, ग्राम्य विकास, शहरी विकास विभाग, राजस्व, पंचायती राज विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की।

मंत्री धर्मपाल सिंह ने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों को गौवंश संबंधी केन्द्र सरकार व उप्र सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभांवित कराने का निर्देश दिया। जनपद के अधिकारियों ने माननीय मंत्री जी को अवगत कराया कि जनपद गाजियाबाद में मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या 680 है, जबाकि इन्हें कुल मिलाकर 1165 गोवंश सुपुर्द किये गये हैं।

समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में पशुधन एवं दुग्ध विकास श्री धर्मपाल सिंह जी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए किसान समृद्धि योजना के साथ-साथ कई योजनाएं लागू की हैं। इनमें सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण गौवंशों को संवर्द्धन व दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए देशों गायों की नस्लों में सुधार लाना है।

### कृत्रिम गर्भाधान से देशी गायों की नस्लों में किया जाएगा सुधार

करंट क्राइम। पशुधन मंत्री ने बताया कि कृत्रिम गर्भाधान से देशी गायों की नस्लों में सुधार लाया जाएगा। इसके साथ ही पशुपालको को गायें पालने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मुफ्त गायें दिये जाने से साथ ही उन्हें पालने के लिए अनुदान राशि भी उपलब्ध करायी जा रहा है। पशुधन मंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा अच्छी नस्ल की एक गाय पालने के लिए चालीस हजार से लेकर दौ सौ गायें पालने पर दो करोड़ की अनुदान राशि तक प्रदान की जा रही है। मंत्री ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता निआश्रित गायों को गौशाला में भिजवाना व वहां उनके चारे व पानी की उचित व्यवस्था किये जाने की है। सरकार एक तरफ जहां कृत्रिम गभार्धान कर गायों की नस्लों को सुधारेगी, वहीं बछडों का बधियाकरण, चारागाह की जमीनें चिन्हित कर उन्हें कब्जा कराने, बकरी पालन, सुअर पालन, मुर्गी पालन आदि को बढावा देने के लिए अनुदान राशि प्रदान कर रहे हैं।

### बीमार पशु की चिकित्सा के लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर दें जानकारी

करंट क्राइम। पशुधन मंत्री ने दावा कि उत्तर प्रदेश दूध उत्पादन में देश में नंबर एक राज्य है। दुधारु गाय-भैंसों सहित अन्य पशुओं को बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण करने, आवारा व निराश्रित गौवंशों व अन्य पशुओं को बचाने के लिए प्रदेश में 520 मोबाइल पशु चिकित्सा दल बनाये गये हैं। बीमार व घायल पशु की चिकित्सा के लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर फोन करके जानकारी दी जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पशुपालको की आदमी दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर के 31वें 'एक आशा - एक विश्वास' कैंप का आयोजन

## 21 सितंबर को आयोजित किया जाएगा अगला शिविर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चौधरी भवन गाजियाबाद में रविवार को 'एक आशा - एक विश्वास' कैंप - जो कि एक होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर है - के 33वें शिविर का आयोजन किया गया। यह कैंप प्रत्येक तीन माह पर पिछले 8 सालों से 'सावित्री देवी शेर सिंह चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट' के सहयोग से मुख्य रूप से डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. विपुल गोयल, डॉ. शरद कुमार टांक, डॉ. रैना सचान, डॉ. अरुण अरोरा, डॉ. दीपांकर गुप्ता, डॉ. रितू सचदेवा, डॉ. सोनिया शर्मा, डॉ. सिद्धांत शर्मा के अथक प्रयासों के द्वारा ही संपादित होता है। इस होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का उद्देश्य जन्म से अल्प विकसित (शारीरिक व मानसिक) बच्चों को होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से लाभान्वित कर उनको इलाज के माध्यम से उनके जीवन की चुनौतियों को दूर करना है। आज तक उत्तर प्रदेश व आसपास के राज्यों के बहुत दिव्यांगजन इस शिविर से लाभान्वित हो चुके हैं।

इसी क्रम में आज शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया और रोगी को तीन माह की दवा मुफ्त में दी गई। शिविर में डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. विपुल गोयल, डॉ. शरद कुमार टांक, डॉ. रैना सचान, डॉ. रितू सचदेवा, डॉ. अरुण अरोरा, डॉ. योगेंद्र सिंह, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. सिद्धांत शर्मा, डॉ. सोनिया शर्मा, डॉ. नूतन झा व अन्य वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे और बहुत तत्परता से शिविर के रोगियों की विभिन्न बिंदुओं पर जांच की। आज के शिविर में 40 नए व 100 पुराने रोगियों को लाभ प्राप्त हुआ। अगला शिविर तीन माह पश्चात 21 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। अगले कैंप के लिए संपर्क सूत्र नंबर : 9313519975।

# लेखराज माहौर व अजय शर्मा ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से की मुलाकात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कोरी समाज सम्मेलन के अध्यक्ष लेखराज माहौर एडवोकेट व प्रदेश संयोजक भाजपा अजय शर्मा ने केशव प्रसाद मौर्य उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से मुलाकात की और सम्मेलन के दौरान कोरी समाज की प्रमुख तीन मांगों को उनके समक्ष प्रस्तुत किया। कोरी समाज की तीन मांगों में तत्काल प्रभाव से पश्चिम उत्तर प्रदेश में कोरी समाज के जाति प्रमाण पत्र आसानी से बनाये जाने का उल्लेख किया गया है। इसके साथ ही दूसरी मांग में कोरी के समनार्थी कोली/हिन्दू जुलाहा को अधिसूचित किया जाए और तीसरी मांग में कोरी समाज के व्यक्तियों को पश्चिम उत्तर प्रदेश में राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जाए। केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा कोरी समाज सम्मेलन में न पहुंचने पर खेद प्रकट किया गया और कहा कि दिल्ली में मुख्यमंत्री परिषद की बैठक होने के कारण मैं सम्मेलन में नहीं पहुंच सका, इसका मुझे बहुत खेद है और मैं आपकी तीनों मांगों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का प्रयास करूंगा।

इस अवसर पर कोरी समाज सम्मेलन के अध्यक्ष लेखराज माहौर एडवोकेट ने केशव प्रसाद मौर्य का आभार प्रकट किया एवं स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया व कोरी समाज का एक मांग पत्र रिमाइंडर के तौर पर उन्हें प्रेषित किया और कोरी समाज की समस्याओं से अवगत कराया।

# पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने वृहद गोसंरक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण

## निरीक्षण के समय 368 गोवंश मौके पर संरक्षित मिले



### - गोवंश में बांझपन की समस्या का निराकरण कराने और सभी गोवंश को बीमारी से बचाव का टीका लगाने के दिए निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा मीरपुर हिंदू में निराश्रित गोवंश के लिए भरण पोषण, हरा चारा, भूसा, दाना की व्यवस्था एवं अभिलेखों का अवलोकन किया गया। तदोपरांत धर्मपाल सिंह द्वारा विकास भवन गाजियाबाद के दुर्गावती देवी सभागार में गोआश्रय की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज विकास अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, अपर नगर आयुक्त गाजियाबाद नगर निगम, समस्त पशु चिकित्सा अधिकारी, समस्त उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी आदि अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

### जनपद की एलएमसी भूमि को कब्जामुक्त कराकर हरा चारा उगाने के निर्देश

करंट क्राइम। उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद की समस्त गोचर भूमि, एलएमसी, शत्रु सम्पत्ति को कब्जा मुक्त कराकर हरा चारा खण्ड विकास अधिकारियों के सहयोग से उगाए जिससे सभी संरक्षित गोवंश के लिए हरा चारा उपलब्ध हो सके। गोआश्रय मीरपुर हिन्दू के एलएमसी भूमि को कब्जामुक्त कराकर हरा चारा उगाने के निर्देश दिए। समस्त खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह गो आश्रय स्थल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नवाचार का प्रयोग करें। नए नए तरीके अपनाएं जिससे भविष्य में हमारे गो आश्रय स्थल आत्मनिर्भर बन सकें। बरसात के समय ऐसी व्यवस्था करें कि कोई गोवंश बरसात में शेड के बाहर न भीगे।

### गोवंश में बांझपन की बढ़ती समस्या का निराकरण करें

**करंट क्राइम।** पशुपालन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि गोवंश में बांझपन की बढ़ती समस्या का निराकरण करें। सभी गोवंश को बीमारी से बचाव का टीका लगाए। सेक्स सॉर्टेड सीमेन का अधिकतम प्रयोग करें जिससे बछिया पैदा हो और दुग्ध उत्पादन बढ़ सके। गोआश्रय स्थलों के सफल संचालन हेतु नगर विकास विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, राजस्व विभाग, पशुधन विभाग एवं पुलिस विभाग को आपसी सहयोग से कार्य करने के लिए निर्देश दिए जिससे कोई गोवंश संरक्षण एवं चिकित्सा से वंचित न रहे। सबको समुचित आश्रय मिले। गौ आधारित खेती ही पुनः किसानों को गोवंश के प्रति लगाव पैदा कर सकती है एवं गोवंश की उपयोगिता को बढ़ावा दे सकती है। गौ आधारित कृषि को बढ़ावा देने के लिए समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास खण्ड स्तरीय बैठकों में व्यापक प्रचार कर आम किसान को गो आधारित खेती करने के लिए जागरूक करें।

# हाउस टैक्स के विरोध में कांग्रेस नेता का हस्ताक्षर अभियान जारी, मिल रहा समर्थन





### ● हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी में भाजपा की मौन सहमति, अधिकारी की लगाम सरकार के पास : नसीम खान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम की ओर से हाउस टैक्स में की गई तीन सौ से चार सौ गुणा बढ़ोत्तरी के खिलाफ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता का जनजागरण अभियान जारी है। पूर्व प्रदेश सचिव नसीम खान ने हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी के खिलाफ कैला भट्टा समेत कई इलाकों में रिक्शे पर माइक लगाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम की ओर से हाउस टैक्स बढ़ाने को लेकर लोगों में जबर्दस्त रोष है। लोग नगर निगम के साथ भाजपा से भी बेहद नाराज है। इस मुददे पर चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान को भारी समर्थन हासिल हो रहा है।

नगर निगम गाजियाबाद द्वारा बेतहाशा बढ़ाए हाउस टैक्स के विरोध में कांग्रेस नेता नसीम खान ने पिछले 6 दिन से गाजियाबाद के नगर निगम वार्डों में हस्ताक्षर अभियान चलाया हुआ है। यह हस्ताक्षर अभियान नगर निगम के 100 वार्डों में चलाया जाएगा। इसी के तहत रविवार को सुबह कैला चौक से पीएसी चौक तक और दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक वार्ड 50 सिहानी नूर नगर में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कैला चौक पर स्थानीय युवा कांग्रेस महासचिव कांग्रेस नेता आशिफ सिद्दीकी, मुशाहिद खान और कांग्रेस नेता फरद खान ने हाउस टैक्स के विरोध में लोगों से हस्ताक्षर कराए। सिहानी में युवा कांग्रेस जिला महासचिव आसिफ इकबाल रंगरेज और प्रदेश महासचिव सेवादल लेखराज त्यागी ने अपने वार्ड में हस्ताक्षर करवाए। उन्होंने बताया कि सैंकड़ों लोगों ने हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी के विरोध में हस्ताक्षर किए।

कांग्रेस नेता नसीम खान ने कहा कि जब से नगर निगम बना है तभी से भाजपा का शासन रहा है। सदन में भाजपा का पूरा बहुमत है। भाजपा की सहमति के बिना नगर आयुक्त हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी नहीं कर सकते है। इस फैसले में भाजपा की मौन सहमति है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता ये कह कर नहीं बच सकते है कि अधिकारी नहीं सुन रहे है क्योंकि अधिकारियों की लगाम सरकार के हाथ में होती है।

इस हस्ताक्षर अभियान में प्रदेश महासचिव सेवादल लेखराज त्यागी, जिला महासचिव युवा कांग्रेस आसिफ इकबाल रंगरेज, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सलमान मंसूरी, गाजियाबाद शहर विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार गौतम, साहिबाबाद विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष साहिल अब्बासी, मुरादनगर विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस अंबुज शर्मा, शहीद अब्बासी, गाजियाबाद युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष आसिफ सिद्दीकी के साथ-साथ और भी कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक और जहां हिंडन एयरपोर्ट अथॉरिटी का मेंबर बनने के बाद कई चेहरे नजर आ रहे हैं खुश? वहीं हमने देखा- हैवीवेट वालों के लिये हमेशा रेडी रहने वाले चेहरे प्रकट कर रहे थे इस पर अपना दुख? कह रहे थे, ये जिम्मेदारी मेरे किसी काम की नहीं है? मुझे नहीं है अथॉरिटी का सदस्य बनने पर खुशी? मैं तो सिर्फ और सिर्फ पार्षद बनना चाहता हूं? इस पद को कोई भी ले लें, आखिर मेरे जज्बातों को समझ गए होगे तुसी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक चेहरा एसपी सिंह साहब की कर रहा था बात? कह रहा था, कि ये सिंह साहब नदिया के इस पार के हैं या उस पार के? इस बारे में हमें जानकारी नहीं है साहब? मगर, देने वाला दे रहा था इस बार पर तर्क? ये बागी होके भी भगवा वालों से पाते हैं पूरा सम्मान? नहीं पड़ता है इन पर कोई भी फर्क? जितना ये निगेटिव होते हैं उतना ही मिलता है इनको भगवा गढ़ से सम्मान? आज तक हमें इस रहस्य का पता नहीं चला? अगर आपको पता चले तो हमारी जिज्ञासा दूर कर देना श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हिसाब-किताब वाले विभाग से आई है एक बात बाहर? कहने वाले कह रहे हैं, सिन्हा जी के रिटायर होने के बाद उनके स्थान पर कोई विभाग का ही चेहरा लेगा अवतार? कहने वाले ने कहा- हमारे पास राय साहब को लेकर आ रही है रिपोर्ट? सुना है, साहबों का मिल रहा है उनको सपोर्ट? हिसाब-किताब के वो भी हैं बड़े जानकार? इसलिये उनको मिलेगा ये वाला पदभार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जल्द ही लग सकता है गाजियाबाद में योगी जी का प्रोग्राम? सुना है, हाउस टैक्स के मुद्दे पर 7 पार्षद एक ग्रुप पर बना रहे थे मिलने का प्रोग्राम? सातों ही पार्षद अपने विशेष ग्रुप पर ऑडियो कॉल करके कर रहे थे भूमिका तैयार? कह रहे थे, इस मामले में हमको योगी जी से जरूर मिलना है? आखिर हमारे भी पहुंचने चाहिए उन तक विचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हवाई जहाज वाले मामले में जब हमने पढ़ा जनरली साहब का बयान? उन्होंने उसमें कहा था, उनका जारी रहेगा गाजियाबाद से प्यार? हम ये पढ़कर खुश हुए, तभी अचानक आया हमें एक विचार? हमने सोचा, जो करते हैं साहब से प्यार, उनका कब होगा उद्धार? क्योंकि ये तो सब गाजियाबाद रहते हैं और साहब तो जा चुके हैं बाहर? हम चाहते हैं साहब, अपने इन सच्चे समर्थकों के बारे में भी करें थोड़ा विचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन दिनों पार्षदों में एक चर्चा हो रही है आम? कहने वाले कह रहे हैं, नगर निगम वाले उस वक्त सब कुछ भूल जाते हैं, जब लगता है कोई वीआईपी प्रोग्राम? जब भी हम करते हैं उनसे अपने क्षेत्र की कोई बात तो वो ये कहते हैं, फिलहाल हम वीआईपी ड्यूटी में बिजी हैं, इस बारे में बाद में करेंगे आपसे बात? कहने वाले ने कहा- हमें पता है, साहब बहुत जागरूक हैं? वो निकालेंगे इस समस्या का भी समाधान? आखिर वीआईपी ड्यूटी की वजह से प्रभावित नहीं होने चाहिए पार्षदों के काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आजकल दिख नहीं रहा होर्डिंग से साहिबाबाद में एक समय धूम मचा देने वाले भाजपा के पूर्व पार्षद राणा जी का ठिकाणा? किसी भी कार्यक्रम में नहीं हो रहा है उनका आना-जाना? इन दिनों वो भगवा राजनीति से दिख रहे हैं पूरी तरह दूर? या तो ले लिया है उन्होंने राजनीति से विश्राम? या फिर मार रहे हैं वो कोई लंबा वाला टूर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योग वाले प्रोग्राम को लेकर विधायक जी के यहां पर चल रही थी बात? निकालने वाले निकाल रहे थे मौके पर भीड़ का हिसाब? कह रहे थे, ऊपर से मांगी गई है इस मामले में रिपोर्ट? ना जाने ये रिपोर्ट कौन देगा, करेगा कितनी सपोर्ट? कहने वाले कह रहे थे, रिपोर्ट देने वाले उनसे कहीं बात ना कर लें जो भीड़ को लेकर निकाल रहे थे खोट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता चला है मीडिया वाले चौधरी का किसी ने उनके पद को लेकर बढ़ा दिया है डाउट? देने वाले ने दिया है संदेश, लखनऊ के गलियारों में आपका पद नहीं हुआ आउट? वहां पर दर्ज नहीं है आपका नाम और पद? आप भले ही हमारी बात ना मानो, लेकिन ऊपर फोन करके दूर कर सकते हो अपना शक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्रांतिकारी विधानसभा में इन दिनों एक बड़े गुर्जर नेता की चचाएं हो रही है आम? कहने वाले कह रहे हैं, ये एक बड़ी टाउनशिप योजना पर कर रहे हैं काम? बताने वाले बता रहे हैं, इसकी एनएच-9 की लोकेशन? तलाशने वालों ने तलाशने शुरू कर दिये हैं दस्तावेज? ताकि मौका आने पर इन नेता को दे सके टेंशन?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# गाजियाबाद में 25 जून को महिला आयोग की सदस्या सुनेंगी महिलाओं की शिकायतें



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला प्रोबेशन अधिकारी गाजियाबाद ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्या डा० हिमानी अग्रवाल के गाजियाबाद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार मा० सदस्या 25 जून 2025 को प्रातः 11.00 बजे तहसील मोदीनगर में महिलाओं से सम्बन्धित मामलों की जनसुनवाई करेंगी व उसके उपरान्त दोपहर 2.00 बजे से तहसील लोनी में महिलाओं से सम्बन्धित मामलों की जनसुनवाई करेंगी। जनसुनवाई कार्यक्रम में इच्छुक महिलायें अपनी शिकायत / समस्या के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र सहित उपस्थित होकर सदस्या राज्य महिला आयोग से सम्पर्क कर सकती हैं। सदस्या द्वारा उनकी शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जायेगा।

# नगर आयुक्त की कार्यशैली व कुशल व्यवहार के कायल हैं लोग : पं. आरडी शर्मा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति पंजीकृत के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा नेता पंडित आरडी शर्मा ने बताया कि आज गाजियाबाद शहर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। गाजियाबाद नगर आयुक्त और उनकी समस्त प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए दिन-रात कार्यरत है। आज हर वार्ड में सुबह-सुबह कूड़ा उठाने वाली गाड़ी पहुंच जाती है। शहर के अंदर पार्कों के सौंदर्य करण के लिए लगातार कार्य चलता रहता है। नगर आयुक्त साहब के दरवाजे हर समय खुले रहते हैं जनता के लिए। आम व्यक्ति जब नगर आयुक्त से मिलने जाता है उनका व्यवहार और कार्य शैली देखकर बड़ा खुश होता है। गाजियाबाद स्वच्छता के मामले में पूरे देश में नंबर वन पर आए इसी संकल्प को लेकर गाजियाबाद नगर आयुक्त और उनकी समस्त टीम अपने संकल्प को पूरा करने में लगी हुई है। कई बड़े कार्य नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक के कार्यकाल में हुए जैसे पूर्वांचल भवन, उत्तरांचल भवन, मल्टीलेवल पार्किंग आदि। अपनी दूर दृष्टि और सूझबूझ से नगर निगम को आर्थिक मजबूत बनाया सामाजिक संस्था का राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते मैं गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक और उनकी समस्त टीम की भूरी भूरी प्रशंसा करता हूं।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजस्थान के झुंझुनू जिले स्थित पावन स्थल वृंदावन पुरुषोत्तम बाबा धाम पर गाजियाबाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग रात्रि प्रवास पर है। इस आध्यात्मिक यात्रा में उनके साथ उनके प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल 'मेदी वाले', विकास मित्तल, भजनलाल डेंगला, संजीव मित्तल, प्रेम सिंह एवं अंकुर गोयल भी शामिल है। यह धाम पुरुषोत्तम बाबा जी द्वारा स्थापित एक दिव्य स्थल है, जहां स्थित श्री बिहारी जी का भव्य मंदिर श्रद्धालुओं की गहन आस्था का केंद्र है। इस मंदिर की अत्यंत मान्यता है, और दूर-दूर से भक्तजन यहाँ दर्शन हेतु आते हैं। हम कामना करते हैं कि श्री बिहारी जी का पावन आशीर्वाद सभी पर सदैव बना रहे। जय श्री बिहारी जी। धार्मिक आस्था और श्रृद्धा से परिपूर्ण यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।